
» न्यूज गैलरी




## मामूली विवाद पर पत्नी की हत्या

**कटनी, यशभारत।** कटनी के पड़ोसी जिले पन्ना के शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहनिया गांव में बुधवार की सुबह एक युवक ने पत्नी से हुए विवाद पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया और भाग निकला। गंभीर हालत में स्वजन महिला को लेकर शाहनगर अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया। कटनी के जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और हत्या का मामला दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार रोहनिया गांव निवासी धनीराम बर्मन का किसी बात को लेकर पत्नी रेखा बर्मन 35 वर्ष से बुधवार की सुबह लगभग दस बजे विवाद हो गया। विवाद के दौरान घर के बाकी सदस्य बाहर गए हुए थे। घर के सदस्य लौटे तो पाया कि रेखा के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है और पति मौके से फरार था। स्वजनों ने सिर से बह रहे खून को रोकने का प्रयास करते हुए महिला को शाहनगर अस्पताल पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया। स्वजन 108 एम्बुलेंस से महिला को लेकर कटनी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मेरी माटी मेरा देश पर विविध कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव (मेरी माटी मेरा देश) के अंतर्गत पौधारोपण ,शपथ, राष्ट्रगान, शिलाफल्कम एवं वीरो का वंदन कार्यक्रम का आयोजन कटनी, नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में किटनी जिले के छः विकासखंडो कटनी, विजयराघवगढ़, बडवारा, रीठी, ढीमरखेडा, एवं बहोरिबंद की विभिन्न ग्राम पंचायत जैसे- अमाडी, बडवारा, गोपालपुर, पठरा, रोहनिया, छेहरी, चाका, बंडा, मड़ई, पिलोनजी, तेवरी, स्लीमनाबाद, पटना, बाकल, उमरियापान, बम्हनी, विजौरी, तिघरा, इमलिया, पटोहा, देवगांव, बिलहरी, वसुधा, बरहेटा, झिरिया, नन्हवारा, देवराकला, बम्होरी, बंजारी आदि ग्राम पंचायतो में ग्राम पंचायत के सरपंच/उपसरपंच, जन प्रतिनिधि, ग्रामीणजनों, शिक्षकगणों, स्वयंसेवक, युवा मंडल/महिला मंडल केसदस्यगण की उपस्थिति में आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य समारोह कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ई में वसुधा वंदन अमृत वाटिका में संदीप जयसवाल विधायक, अवि प्रसाद कलेक्टर दीपक सोनी टंडन के आतिथ्य में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, प्रधान मंत्री के सन्देश का वाचन एवं पंचप्रण प्रतिज्ञा, शहीद हुए वीर सैनिकों का स्मरण एवं परिवार जनो का सम्मान, मिट्टी एकत्रित कर अमृत वाटिका में डाली गयी एवं पौधारोपण किया गया ।

# आजादी पर्व के बाद त्यौहारों की श्रंखला

## शुरू हुआ त्योहार का महीना, हरियाली तीज, नागपंचमी, मंगलागौर व्रत, राखी

***कटनी, यशभारत। दो दिन बाद आजादी का पर्व धूम धाम से शहर में मनाया जाएगा इसके बाद त्योहारों की श्रंखला प्रारंभ होगी। हिन्दू पर्वों के लिए अगस्त से त्योहार की धूम शुरू होती है जो बीच में पितृपक्ष के दौरान कुछ विश्राम के पश्चात दुर्गोत्वस के उमंग से प्रारंभ होकर दीपावली तक तक लोगों को धर्म आस्था में गोते लगाने लगाएंगे।***

अगस्त बीत रहा है और जल्द ही व्रत और त्योहारों का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के बाद पारंपरिक और सांस्कृतिक पर्वों की शुरुआत होगी और यह उत्सव कार्तिक मास में ही जाकर समाप्त होंगे। इसमें रक्षाबंधन से लेकर हरियाली तीज और बाद में हरतालिका तीज के साथ ही गणेश चतुर्थी होगी। अगस्त में 16 तारीख के बाद यदि तीज त्योहारों नजर डालें तो कई बड़े पर्व इंतजार कर रहे हैं। आइए जानते हैं दो माह के श्रावण मास के बीच में कौन से तीज पर्व पड़ने जा रहे हैं...



### अगस्त माह के व्रत और त्यौहार

16 अगस्त को अधिक मास यानी की पुरुषोत्तम मास की समाप्ति होगी, लेकिन श्रावण मास इस बार दो माह का होने के चलते यह श्रावण पूर्णिमा यानी की 30 अगस्त तक चलता रहेगा। पहले पड़ेगी अमावस्या, जिसके बाद 19 अगस्त को हरियाली तीज होगी। इसके बाद 21 अगस्त को नागपंचमी का पर्व होगा जबकि 25 को पुत्रदा एकादशी और 29 अगस्त को प्रदोष व्रत होगा।

### 30 अगस्त को रात्रि में भद्रा के बाद रक्षाबंधन करना शास्त्र सम्मत

श्रावणी उपाकर्म और रक्षाबंधन का पर्व 30 अगस्त को ही मनाया जाएगा। काशी के ज्योतिषाचार्यों ने रक्षाबंधन के पर्व को लेकर फैले भ्रम का निराकरण कर दिया है। बीएचयू के ज्योतिष विभाग में काशी विद्वत परिषद की हुई बैठक में तिथि पर सर्वमान्य निर्णय हुआ। धर्म सिंधु एवं निर्णय सिंधु ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि पूर्णिमा का मान दो दिन का प्राप्त हो रहा है तो प्रथम दिन सूर्योदय के एक घटी के बाद पूर्णिमा का आरंभ होकर दूसरे दिन पूर्णिमा छह घटी से कम प्राप्त हो रही हो तो पूर्व दिन में भद्रा से रहित काल में रक्षाबंधन करना चाहिए। 31 अगस्त को पूर्णिमा छह घटी से कम प्राप्त हो रही है। 30 अगस्त को नौ बजे रात तक भद्रा है, इसलिए 30 अगस्त को रात्रि में भद्रा के बाद रक्षाबंधन करना शास्त्र सम्मत होगा। रात्रिकाल में भी रक्षाबंधन का विधान है।

### अगस्त में त्योहारों की पूरी लिस्ट

12 अगस्त-कमला एकादशी
14 अगस्त-प्रदोष व्रत
14 अगस्त-श्रावण सोमवार
15 अगस्त-देव व पितृकार्य अमावस्या
16 अगस्त-स्नान दान श्रादध अमावस्या
17 अगस्त-सिंह संक्रांति
18 अगस्त-सिंजारा दूध
19 अगस्त-हरियाली तीज
21 अगस्त-नागपंचमी, सोमवार
22 अगस्त-मंगला गौरी व्रत
23 अगस्त-तुलसी जयंती
25 अगस्त-वर लक्ष्मी व्रत
27 अगस्त-पुत्रदा एकादशी
28 अगस्त-श्रावण सोमवार, प्रदोष व्रत
30 अगस्त-रक्षाबंधन


### ट्रेनों में सीट को लेकर पेंच

राखी पर ट्रेनों में सीट को लेकर पेंच फसने वाला है, 30 अगस्त को रक्षाबंधन के त्योहार से पहले ट्रेनें इस बार अभी से फुल हो गई है। कटनी जंक्शन के अलावा मुड़वारा और साउथ पर टिकट बुकिंग के लिए पहुंच रहे यात्रियों को ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग देखने को मिल रही है। दरअसल त्योहारों के मौके पर हर वर्ष ही ट्रेनों में यात्रियों की लंबी प्रतीक्षा सूची रहती है। दिवाली और होली के मौके पर ट्रेनों में भारी भीड़ होना तो आम बात है,लेकिन इस बार रक्षाबंधन पर भी कमोबेश यही नजारा देखने को मिल रहा है। रक्षाबंधन पर भोपाल इंदौर बिलासपुर रीवा आदि से संचालित होने वाली विभिन्न शहरों की ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निकाली 750 फीट तिरंगे की भव्य यात्रा



**कटनी यशभारत।** यात्रा स्वाधीनता के अमृत महोत्सव में उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व समाज में राष्ट्वाद एवं देशप्रेम के विचार को और प्रखर करने के लिए एवं स्वतंत्रता संग्राम के समस्त ज्ञात अज्ञात हुतात्माओ के स्मरण में विश्व के सबसे बड़े विद्यार्थी संगठन जो व्यक्ति निर्माण से राष्ट पुनर्निर्माण के ध्येय के साथ विधार्थी समूह को अनुशासित एवं संगठित करने का कार्य करता है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी नगर द्वारा 750 फीट विशाल तिरंगे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जो की कटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन से प्रारंभ हो कर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मार्ग से सुभाष चौक होते हुए शेर चौक के उपरांत फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रांत मंत्री आशुतोष तिवारी एवं मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय छात्रा कार्य प्रमुख सुश्री वसुंधरा सिंह उपस्थित रही प्रांत मंत्री आशुतोष तिवारी ने कटनी नगर के कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन की बधाई कहा कि एक गांव एक तिरंगा अभियान के साथ ही अमृत महोत्सव काल में परिषद द्वारा राष्ट को समर्पित अनेक कार्यक्रम विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किए जिसके माध्यम से राष्ट के विषय में विद्यार्थी समूह में एक सकारात्मक मानस निर्मित हुआ है । कटनी नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की एवं देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता को अक्षुण रखने का संकल्प लिया। जिला संयोजक सीमांत दुबे ने बताया कि इस विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा का शहर के गणमान्य नागरिकों एवं विविध संगठनों ने भव्य रूप से स्वागत बंधन अभिनंदन किया।



## जनजाति सशक्तिकरण दिवस पर छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटनी, यशभारत।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जनजाति सशक्तिकरण दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ चित्रा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में छात्रो ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता निभाई। प्रतिस्पर्धा में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन आयोजित किये गये। मास्टर शेहाब, हेमलता, शुभांगिनी, एकता, रूमाना, प्रतिभा ,अनुश्री, कृष्णा आदि ने शानदार प्रस्तुति दी।छात्रो के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षिका श्रीमती वंदना मिश्रा, श्रीमती निशि सलारिया ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

**मध्यप्रदेश स्टेट चेस अंडर 15 टूर्नामेंट**

## राष्ट्रीय चैंपियन सहित सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अगले राउंड में पहुंचे






**कटनी, यशभारत।** मंगलम मनोर में मध्यप्रदेश अंडर 15 स्टेट चेस टूर्नामेंट प्रारम्भ हुआ जिसमें प्रारम्भिक दौर में सभी वरियता प्राप्त खिलाडियों ने पहले चक्र का मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। कल 14 अगस्त को बालक एवं बालिकाओं का फाइनल चक्र खेला जाएगा। जिला शतरंज संघ के संरक्षक डॉ एस के खम्परिया अध्यक्ष जे पी निषाद एवं अतिथियों ने दीप जलाकर स्पर्धा को शुरुआत अतिथि सत्कार के साथ डॉ खम्परिया ने प्रतियोगिता के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश ड़ालते हुए भाग ले रहे 106 बालक बालिकाओं को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जे पी निषाद ने बताया कि उनके पूज्य पिताश्री तथा पूर्व रुस्तमे- कटनी खलीफा स्व. श्री बच्चा पहलवान की स्मृति में यह ईनामी शतरंज स्पर्धा खेली जा रही है जो राज्य शतरंज संघ से संबद्ध है । स्पर्धा में विभिन्न जिले से आए हुए 106 मास्टर्स में 68 बालक हैं और 38 बालिकाएँ शामिल हैं। इनमे अंडर 09 में नेशनल चैंपियन मास्टर माधवेन्द्र प्रताप शर्मा भी हैं जिन्होंने प्रथम चक्र का मुकाबला जीत लिया है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, सतना, उज्जैन विदिशा सागर, छिंदवाड़ा, देवास, शहडोल, अनूपपुर, रीवा, ग्वालियर सहित कटनी के खिलाडी इसमें ख़िताब जीतने के लिए शतरंजी चालें खेल रहे हैं । प्रतियोगिता में 22 सीडेड खिलाडी शामिल हैं जिन्हें फाइड की मान्यता प्राप्त है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें रैंकिंग दी गई है द्य सबसे कम उम्र के प्रतिभाशाली प्रतियोगियों में 3 से 5 वर्ष की आयु के सत्यार्थ शर्मा और शान्या निषाद इसमें खेल रही हैं ।

## फर्जी पत्र प्रचारित कर करने का आरोप, भाजपा ने की प्रियंका, कमलनाथ सहित कांग्रेस नेताओं की शिकायत

### भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वाले कांग्रेसियों पर एफआईआर की मांग



**कटनी, यशभारत।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस नेताओं द्वारा षडयंत्र पूर्वक किसी ठेकेदार, एसोसिएशन के नाम से फर्जी पत्र सोशल मीडिया पर प्रचारित कर जनता को भ्रमित करने और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार की छवि धूमिल किए जाने का आरोप लगाते शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने विधि प्रकोष्ठ के नेतृव में पुलिस अधीक्षक कटनी को ज्ञापन सौंप कर कांग्रेस नेताओं के विरूद्ध एफआईआर की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने बताया कि गत दिनों सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मध्यप्रदेश ठेकेदार संघ द्वारा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को पत्र लिखकर शिकायत की गयी थी। प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। यह पत्र पूरी तरह निराधार और फर्जी है। फर्जी पत्र के माध्यम से भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने की सोची समझी साजिश है। इस पत्र को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अरूण यादव, शोभा ओझा सहित अन्य नेताओं ने अपने ट्वीटर हैंडल से प्रचारित कर जनता में भ्रम का वातावरण पैदा किया, जो कि अपराध की श्रेणी में आता है। जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक तिवारी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पत्र पढ़ कर बताया कि कांग्रेस किस तरह झूठ तथा साजिश रच कर भाजपा को बदनाम कर रही है। ज्ञापन सौंपने प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, अम्बरीष वर्मा, अंकिता तिवारी, शिवम शर्मा, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, अभिषेक ताम्रकार, वागीश आनंद, संदीप दुबे, महेश होतवानी, दीपक तिवारी, मंटू गुप्ता, अनंत उरमलिया, सतीश मोटवानी, सौरभ अग्रवाल, शैलेंद्र चनपुरिया, संकल्प तिवारी, सुमित जायसवाल, कमल आसरानी, सनत शुक्ला, रेशु टुडहा, नानक डोडानी आदि उपस्थित थे।

## झूलेलाल चालीसा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम






**कटनी, यशभारत।** भगवान श्री झूलेलाल चालिसा महोत्सव के उपलक्ष पर नई बस्ती स्थित सिंधु झूलेलाल मंगलम में 13 अगस्त रविवार को सांस्कृतिक,साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया समाज सेवी रवि प्रथ्यानी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सिंधु नौजवान मंडल द्वारा नवनिर्मित नई बस्ती स्थित धर्मशाला सिंधु झूलेलाल मंगलम में सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल व सिंधु नौजवान मंडल कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। संस्थाएं पिछले कई वर्षों से अपने धर्म,जाति संस्कारों से दूर हो रहे और सभ्यता भूल रहे नौनिहालों, वरिष्ठों को समाज से जोड़े रखने के लिए आयोजन करती आई है। रविवार शाम 7 बजे भगवान श्री झूलेलाल जी की आरती,ज्योत प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की शुरुआत। आयोजन का मुख्य आकर्षण भोपाल व कोटा से आऐ मशहूर गायिका निधी धामेजा,गायक गिरीश कृपलानी होगें। कार्यक्रम में इंदौर से पधारे हरेश कुमार सहवानी द्वारा सिंधी साहित्य का व्याख्यान से किया गया। मंच का संचालन कार्यक्रम के संयोजक जोधाराम जयसिंघानी ने किया। पश्चात रात्रि 10 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों कि श्रृंखला में आगामी 18 अगस्त शुक्रवार को सुबह 8 बजे सर्व मनोकामना पूर्ण बहराणा साहब थाली पूजा व प्रसाद वितरण का आयोजन भी सिंधु मंगलम में किया गया है। सिंधु नौजवान मंडल के अध्यक्ष राजकुमार जीवनानी व सिंधी साहित्य अकादमी निदेशक राजेश वाधवानी ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से आयोजनो में शामिल होने का आग्रह किया है।

## नीलिमा ♥ से

### आजादी का अमृत



आजादी का अमृत महोत्सव हर भारतीय मनाएगा शान से
घर-घर लहराएगा तिरंगा गर्व गौरव और अभिमान से

गौरवान्वित हैं हम भारतीय स्वतंत्र भारत की पहचान से
सरताज हिमालय प्रहरी बन कर खड़ा है जहां शान से




आजादी दिलायी जिन शूरवीरों ने अपने लहू की कुर्बानी से
नतमस्तक हैं हर हिन्दुस्तानी उन शहीदों के बलिदान से

एक ही राष्ट्र है सारे जहान में
कण-कण है सत्य अहिंसा के गुंजायमान से
जिसकी अमिट पहचान है संस्कृति परंपरा और संस्कार से

ना झुका है ना कभी झुकेगा
स्वाभिमान से लहराएगा तिरंगा आसमान में
गूंजती है धरती आसमाँ जय हिंद जय भारत के यशगान से

लहराता है तिरंगा यहाँ जन गण मन के गुणगान से
कोटि कोटि प्रणाम स्वतंत्र हवा में लहराते तिरंगे को सम्मान से !!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे


सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 11 अगस्त से रोजाना 9 शो
गदर-2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
09.00 AM (AUDI-1)
12.15 PM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-2)
12.45 PM (AUDI-3)
03.30 PM (AUDI-1)
06.45 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-3)
10.00 PM (AUDI-3)
10.15 PM (AUDI-3)
Tickets Available on Book My Show




सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज 11 अगस्त से रोजाना 4 शो
ओएमजी-2
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, पवन मल्होत्रा, अरूण गोविल आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830
09.30 AM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-2)
06.35 PM (AUDI-2)
09.45 PM (AUDI-2)
Tickets Available on Book My Show
CINEWORLDZ CINEMA KATNI

## » न्यूज गैलरी

### अमृत कलश यात्रा निकाल कर अमर शहीदों को किया याद

**कटनी, यशभारत।**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मेरी माटी.मेरा देश अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए जिसके तहत 30 अगस्त तक अभियान चलेगा। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर देश भर की पंचायतों से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। अभियान के तारतम्य में ग्राम पंचायत धरवारा में पंचायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने अलग अलग प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। भारत की स्वतंत्रताए एकता और अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वीर नायकों और अमर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद उपसरपंच अमित गर्ग ने पंच प्रण शपथ दिलाई गई साथ ही मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत पौड़ी में भी ध्वजारोहण कर पौधरोपण किया गया।

### राष्ट्रीय परशुराम परिषद की कार्यकारिणी घोषित

**कटनी, यशभारत।**

राष्ट्रीय परशुराम परिषद की कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिलाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने बताया कि विप्र समाज के उत्थान के लिए परिषद का गठन किया गया है। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षक विषाचंद्र दुबे व बालकृष्ण गौतम निवासी बजरंग नगर हाउसिंग बोर्ड सेवानिवृत्त शिक्षक को महामंत्री, राहुल पांडेय पोड़ीकला बी को तहसील अध्यक्ष ढीमरखेड़ा, सीतल शुक्ला सारंगपुर को सचिव ढीमरखेड़ाए मयूर लकी मिश्रा को तहसील अध्यक्ष विजयराघवगढ़, हरिप्रसाद पांडेय चांदन को तहसील अध्यक्ष बड़वाराए रितेश त्रिपाठी रामपुर को संयोजक विकासखंड ढीमरखेड़ा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**कटनी, यशभारत।**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरियापान में ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे की अध्यक्षता में शाला प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय की अधोसंरचना, पेयजल, प्रयोगशाला संचालन, पुस्तकालय सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## कांग्रेस में दावेदारों ने पेश की एकता की मिसाल

# टिकट का करेंगे दावा, टिकट जिसे भी मिले साथ निभाने का वादा

प्रथम पेज से जारी

**चर्चा की शुरुआत कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी के साथ की गई। जहां उन्होंने इस अनूठे प्रयोग के बारे में समझने की कोशिश की और इसके उद्देश्यों को जानना चाहा। जिसके जवाब में राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि हम लोगों का उद्देश्य है कि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक बने और प्रदेश में माननीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बने। जिसको लेकर हम सभी काम कर रहे हैं और उनके 10 सूत्री कार्यक्रम को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं। जब हम संगठित होकर एक साथ जनता के बीच जाते हैं तो कार्यकर्ता भी संगठित हो जाते हैं।**



चर्चा के दौरान मौजूद रहे पूर्व कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष व पाटन से 2008 में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विक्रम सिंह ने बताया कि हम लोग प्रारंभ में अलग-अलग लोगों के साथ मिल रहे थे। फिर उसके बाद हम लोगों ने एक साथ लोगों के बीच जाना शुरू किया। जिससे लोगों के बीच में एक विश्वसनीयता बनी और कांग्रेस को लेकर एक माहौल बना। जिसे हम टिकट डिक्लेअर हो जाने के बाद भी कायम रखेंगे और मूलता हमारा उद्देश्य कांग्रेस की जीत है चाहे चेहरा कोई भी हो। कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला को चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता दुर्गेश पटेल ने बताया कि कार्यकर्ता के मन में इस बात का संशय संसार रहता है कि वह किस नेता के साथ खड़ा हो। उसे हमेशा इस चीज का डर रहता है कि कहीं एक नेता के साथ जाने से दूसरा नेता न नाराज हो जाए। ऐसे में हम लोगों द्वारा इस तरह का प्रयोग किया गया है, जो कि अपने आप में अनूठा प्रयोग है और इससे कांग्रेस को मजबूती मिल रही है। साथ ही साथ नेताओं का भी आत्मविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने बाकी नेताओं के साथ इस बात पर भी जोर दिया कि हम टिकट जरूर अपने-अपने लिए मांग रहे हैं लेकिन टिकट जिसे भी मिलेगी वह एक साथ मिलकर काम करेंगे। चर्चा में शामिल जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट मांग रहे मनीष पटेल ने

### यश भारत प्राइम टाइम में यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा

बताया कि हर चुनाव का अपना एक महत्व होता है। एक ओर जहां पंचायत के चुनाव व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर होते हैं। वहीं विधानसभा के चुनाव सभी के सहयोग व पार्टी के संगठन की आवश्यकता पड़ती है। अक्सर देखा जाता है कि टिकट मिलने के बाद प्रत्याशी अकेला पड़ जाता है। इसका नुकसान प्रत्याशी के साथ-साथ पार्टी को होता है। लेकिन हम लोगों का उद्देश्य कांग्रेस का विधायक बनाना है। इसलिए हम लोग एक साथ काम कर रहे हैं और चुनावों में भी एक साथ रहेंगे जिसका फायदा हमारी कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में कार्यक्रम संचालक द्वारा पैनल के सदस्य प्रदीप पटेल से यह जानने की कोशिश की गई कि उन्हें इस तरह के संगठन से क्या फायदे होते नजर आ रहा है। जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि जब हम लोग एक साथ निकलते हैं तो कार्यकर्ता भी खुलकर सामने आता है और अपनी बातें रखता है। सबसे बड़ी बात यह है कि कार्यकर्ता चाहे पाटन का हो, कटंगी का हो या मझौली का, उसे वहां कोई ना कोई नेता सहयोग करने के लिए मिल ही जाता है। क्योंकि वर्तमान समय में आम जनता भाजपा की सरकार से त्रस्त है। ऐसे में हम लोगों के संगठन ने उन्हें संबल प्रदान कर रखा है। किसानों के मुद्दों की बात करने वाले कांग्रेस नेता बब्बू यादव ने चर्चा में कहा कि हम लोगों को सिर्फ कांग्रेस का काम करना है। कांग्रेस को मजबूत बनाना है, जिसके लिए हमने अपना एक संगठन बनाया हुआ है। हमारी विधानसभा किसान और मजदूर की विधानसभा है। जहां विकास को लेकर बहुत ज्यादा काम नहीं किया गया है। हमारा प्रयास है कि हम सभी मिलकर कांग्रेस के प्रत्याशी को विजयी बनाएं और कांग्रेस की सरकार लाएं। जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। इस पूरी चर्चा में कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा सभी छह दावेदारों से भविष्य की राजनीति को लेकर चर्चा की गई जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कांग्रेस की जीत और पार्टी की मजबूती को ही अपने संगठन का आधार बताया।

### नाली जाम होने से आमजन परेशान

**विजयराघवगढ़, यशभारत।**

नगर के मुख्य मार्ग संकट मोचन चौक के पास नालियां जाम होने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा नाली सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रहवासियों ने बताया कि 1 माह पूर्व अचानक झमाझम बारिश के कारण बरसात का पानी न निकलने के कारण घरोंए होटल व दुकानों में घुस रहा था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावतार पटेल के निर्देशन में आनन फानन नाली की खुदाई कराकर वर्षा के पानी की निकासी की गई थी। लगभग एक महीने बाद भी नाली की स्थिति ज्यो की त्यों है। यहां गंदा पानी जमा हो रहा है और दुर्गंग उठ रही है। रहवासियों ने समस्या निराकरण की मांग की है।

### कन्हवारा बस स्टैंड के समीप गड्ढों का कराया सुधार

**कटनी, यशभारत।**

बस स्टैंड मुख्य मार्ग में जनलेवा गड्ढे का सुधारकार्य कराया गया है। गड्ढे में सुधार होने से अब यहां हादसा होने का अंदेशा नहीं रहेगा और वाहन चालक सुगमता से आवागमन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करने हुए समस्या निराकरण की मांग की थी।




## 50 प्रतिशत कमीशनराज की सरकार को बेनकाब करने पर दर्ज हुए मामले

**कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता में लगाए आरोप**

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशनराज की सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस ने इस कार्यवाही का विरोध करते हुए संकल्प लिया है कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार को उखाड़ फेंकेगा। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया एवं ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने होटल आरना पैलेस में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने कहा कि प्रदेश सरकार का 50 प्रतिशत का कमीशन राज सामने आया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश को एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से एक ठेकेदार ने फरियाद की कि 50 प्रतिशत कमीशन के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पत्र को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया। ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि सरकारी ठेकों में किस कदर भ्रष्टाचार हो रहा है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि आज के ही दिन पिछले साल कारम बांध टूट गया था। 300 करोड रुपए की लागत से बना यह बांध पहली बरसात भी नहीं झेल पाया था। इसकी वजह 50 प्रतिशत कमिशन नहीं तो और क्या थी। श्री चौहान ने कहा कि कटनी ही नहीं पूरे प्रदेश में 50-50 लाख रूपए में थाने नीलाम हो रहे हैं। भर्तियों से लेकर तबादलों में कमीशन लिया जा रहा है। कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने कहा कि प्रदेश में पोषण आहार घोटाला, महाकाल लोक घोटाला, मध्यान्ह भोजन घोटाला, रेमडेसीविर इंजेक्शन में घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला, नर्सिंग कॉलेज में घोटाल हुआ है। यह इस बात को साबित करती है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार है।

# उल्लास के बीच मनेगी आजादी की 76वीं सालगिरह

**झिंझरी पुलिस लाइन ग्राउण्ड में होगा मुख्य समारोह, कलेक्टर फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज, फाइनल रिहर्सल**



**कटनी, यशभारत।** आजादी की 76वीं सालगिरह प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले में अपार उत्साह, हर्ष एवं उल्लास के बीच मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउण्ड में कल 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है, जहां मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अवि प्रसाद ध्वजारोहण करते हुए परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम दौर पर पहुंच गई है। प्रशासन के साथ पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी आज दिन भर तैयारियों में जुटे रहे। मुख्य समारोह में होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल आज की गई। इस अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने खुली जीप में सवार होकर परेड की रिहर्सल के साथ ही स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके उपरांत शांति के दूत कपोत खुले आसमान में छोड़े जाएंगे। कार्यक्रम के आखिरी चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और पुरस्कार वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर, एस पी ऑफिस, विभिन्न प्रशासनिक विभागों, कार्यालयों, राजनीतिक दलों के दफ्तरों, स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालयों, विद्यालयों में सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया ने आदेश जारी कर प्राचार्य तिलक कॉलेज, डीईओ, जिला खेल अधिकारी को मौसम को ध्यान में रखते हुये सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रातः काल प्रभात फेरी, खेलकूद कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, वार्ता, राष्ट्रीय एकता के समूह गान एवं जिला स्तर पर स्वतंत्रता दौड इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## प्रभारी मंत्री को बताई कर्मचारियों की समस्याएं, मांगों से कराया अवगत

**मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई ने सौंपा ज्ञापन**

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई कटनी ने विगत दिवस कटनी जिले के दौरे पर आए प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से माधवनगर सर्किट हाऊस में मुलाकात करते हुए कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष के पी मिश्रा, बीएमएस के प्रदेश मंत्री कमलेश पटेल, शिक्षक संघ से जी एस गर्ग, प्रमोद मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश जैन, उपेंद्र मिश्राए, प्रताप सिंह वाल्मीकी, भारतीय मजदूर संघ से संजू द्विवेदी, सुरेंद्र चक्रवर्ती, विनोद पटेल जिलाध्यक्ष बीएमएस, अजय विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।



**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340



## चंडिका मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं शिवमहापुराण कथा 18 से



**जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी की बैठक, 10 दिवसीय आयोजन की तैयारियां शुरू, आयोजन को सफल बनाने दिए गए दायित्व**

**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र कुठला में चंडिका नगर स्थित चंडिका मंदिर परिसर में रविवार रात्रि 8 बजे जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी की एक बैठक का आयोजन नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमे पवित्र श्रावण मास में असंख्य पार्थिव शिवलिंग, अभिषेक, पूजन, शिवमहापुराण की कथा एवं विविध धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। कमेटी के लोगों को प्रत्येक दिवस टोली बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी द्वारा चंडिका मंदिर परिसर में साल भर अनेकों धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में 18 से 27 अगस्त तक 10 दिवसीय असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन, रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण की सुंदर कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे श्रद्धालुओं को पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक की सामग्री ट्रस्ट कमेटी द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। 18 से 27 अगस्त तक 3 पालियों में क्रमशः श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक किया जाएगा। सायं 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा प्रवक्ता, श्री 1008 श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के कृपापात्र शिष्य, आचार्य श्री जयप्रकाश नारायण जी के श्री मुख से श्रवण कराई जाएगी। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। कमेटी ने बताया कि 18 अगस्त शुक्रवार को शोभायात्रा एवं बैठकी कथा महात्म्य, 19 अगस्त शनिवार को रूद्राक्ष, शिवलिंग, भस्म की कथा, 20 रविवार अगस्त को सती चरित्र, पार्वती जन्म, 21 अगस्त सोमवार को पार्वती विवाह, 22 अगस्त मंगलवार को कार्तिकेय, गणेश जन्म, 23 अगस्त बुधवार को शिव अवतारों की कथा, 24 अगस्त गुरूवार को ओंकार के महत्व, कैलाश संहिता का वर्णन, 25 अगस्त शुक्रवार को योग मोक्ष ध्यान का वर्णन एवं 26 अगस्त शनिवार को शिव के सगुण, निर्गुण स्वरूप रूप की महिमा का वर्णन किया जाएगा। 27 अगस्त रविवार को प्रातः 9 बजे से हवन, 11 बजे से कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## कटाएघाट के तट पर दिखा सिंधु नदी का नजारा

**भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव, भरपूर बारिश की कामना**



कटनी, यशभारत। झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा गुरुनानक वार्ड झूलेलाल मंदिर में मनाए जा रहे झूलेलाल चालिहा महोत्सव के तहत रविवार को 9 बजे से कटाईघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, भजन, कीर्तन, अखों पल्लव, आरती व दीपदान का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसमूह को सिंधु नदी का नजारा दिखा। महिलाएं राष्ट्रीय तिरंगे की वेशभूषा में दिखाई दीं। जो की आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र भक्ति की परिचायक रही। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि जल देवता से देश की खुशहाली एवं भरपूर बारिश की कामना की गई और अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारी जन समुदाय का नजारा देखने लायक रहा। अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, दर्शन लाल गेईं, त्रिलोकचंद भोजवानी, हरीश बहलानी, सुरेश गांधी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, अमृत सेवलानी, महेश बहलानी, पंकज आहूजा, संजय खूबचंदानी, नारायण दास वलेचा, अशोक रोहरा, गौतम गलानी, प्रेम बत्रा, राजकुमार खियानी, सिंधी भावरन व सुपर ग्रुप के सभी सदस्य वीरेंद्र लालवानी, राजेश बनवारी, अशोक प्रथ्यानी, बसंत, जी के लालवानी, खियल चावला, लक्ष्मण नंदवानी, प्रेम जसूजा, गिरधारी पोपटानी, अशोक टोपनानी, प्रकाश वाधवानी, राजेश खनेचा, जुगल किशोर पांडेय व अनेक श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे।

mgm NURSING

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

**एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग**



SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से

रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9.15 बजे से रहेगा (ऑडी-1 में)

**ओएमजी-2**

कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

11 अगस्त से

रोजाना 6 शो




12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा (ऑडी-2 में)

**गदर-2**


कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

ऑल इंडिया रिलीज




11 अगस्त से

रोजाना 3 शो 11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से

नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा

**गदर-2**

कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।

टिकट दर

बालकनी क्लास-100/-
बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-

» न्यूज गैलरी

## 15 अगस्त से पूर्वी मप्र में शुरू हो सकता है वर्षा का सिलसिला

भोपाल, यशभारत। वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। मानसून द्रोणिका भी हिमालय की तलहटी में पहुंच गई है। इस वजह से मानसून की गतिविधियां लगभग थम गई हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवा का रुख अभी पश्चिमी बना हुआ है। अरब सागर से आ रही नमी के कारण रविवार को इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान में बिहार के आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर एक द्रोणिका मणिपुर एवं दूसरी द्रोणिका बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। मानसून द्रोणिका हिमालय की तलहटी में पहुंच गई है। पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसके अतिरिक्त बंगाल की खाड़ी में आंध्रा के तट पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला का कहना है कि अलग-अलग स्थानों पर बनी इन मौसम प्रणालियों का फिलहाल मध्य प्रदेश के मौसम पर विशेष असर नहीं पड़ रहा है। इस वजह से प्रदेश में फिलहाल मानसून की गतिविधियां शिथिल बनी हुई हैं।

## पुलिस ने स्पा सेंटर में छापा मारा, नगालैंड की युवती समेत सात गिरफ्तार

भोपाल, यशभारत। महिला थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार कराने की सूचना के बाद शुक्रवार की रात शाहपुरा स्थित त्रिलंगा में ओशियन नाम के स्पा सेंटर ने में छापा मारा। जहां से नगालैंड की रहने वाली एक महिला मैनेजर सहित पांच युवतियों समेत सात को गिरफ्तार किया गया। इनमें स्पा सेंटर के मालिक और एक नौकर भी शामिल थे। सभी सात आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। शनिवार को उन्हें थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया गया। महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि एक एनजीओ की ओर से शुक्रवार रात सूचना मिली कि ओशियन स्पा सेंटर त्रिलंगा में देह व्यापार कराया जा रहा है। इस स्पा में दो नाबालिग लड़कियों से भी अनैतिक काम कराया जा रहा है। सूचना के बाद में महिला थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां पर कोई ग्राहक नहीं मिला। तलाशी के दौरान वहां मैनेजर सहित पांच युवतियां मिली। सभी को हिरासत में लिया गया, तलाशी में स्पा से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। पूछताछ में युवतियों ने स्पा में चलने वाली अनैतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जो स्पा का मालिक गौरव राठौर और उसका नौकर प्रिंस ठाकुर कराता था। प्रिंस ठाकुर स्पा में ग्राहकों को लाने का काम करता था। शहर के कई रसूखदार उसके संपर्क में थे। देर रात तक स्पा के बाहर लग्जरी कारों का जमावड़ा रहता था। इससे स्थानीय रहवासी भी परेशान हो चुके थे।

## मप्र में पांच लाख विद्यार्थियों को मिलेगी साइकिल

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अगस्त को राजधानी के महात्मा गांधी उमावि में आयोजित समारोह में प्रदेश के पांच लाख नौ हजार विद्यार्थियों को साइकिल के लिए करीब साढ़े चार हजार रुपये और सात हजार 800 विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए आनलाइन राशि खातों में ट्रांसफर करेंगे। इसके तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को साइकिल और 23 अगस्त को प्रत्येक स्कूल के एक टापर छात्र व छात्रा को स्कूटी मिलेगी। विद्यार्थियों के पास इलेक्ट्रिक या पेट्रोल वाली स्कूटी लेने का विकल्प रहेगा, इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए प्रत्येक को एक लाख 20 हजार और पेट्रोल वाली स्कूटी के लिए 90 हजार रुपये उनके बैंक खाते में प्रदान किए जाएंगे। दोनों कार्यक्रम महात्मा गांधी उमावि पर होंगे। इसके संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता भी अपडेट किया जा रहा है। डीपीआइ के अपर संचालक डीएस कुशवाहा ने बताया कि राजधानी में होने वाले कार्यक्रम में नौ हजार विद्यार्थियों को बुलाया गया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण आदेश की अनदेखी, गुपचुप हो रही पदस्थापना

**भोपाल , यशभारत। स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण और पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। नियमानुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया आनलाइन होनी है, लेकिन आफलाइन आदेश जारी किए जा रहे हैं। आठ अगस्त को आफलाइन आदेश जारी कर सात दिन में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया। वहीं विवादों में घिर चुकी प्रभार के मामले में वरिष्ठता की प्रक्रिया में कनिष्ठ व वरिष्ठों का भी ध्यान नहीं रखा गया है।**



इस मामले में शिक्षक संगठन पूरी प्रक्रिया को फिर से करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग में वरिष्ठ पदों पर प्रभार देने की प्रक्रिया चल रही है। नियमानुसार वरिष्ठ पदों का प्रभार देने के बाद नई जगह पदस्थापना होना है। इसके आदेश आनलाइन पोर्टल पर ही जारी किए जाएंगे। दूसरी तरफ विभाग से 13 अगस्त को होने वाली काउंसलिंग की प्रक्रिया से पहले आफलाइन आदेश जारी कर पदस्थापना कर दी गई है। विभाग ने प्राचार्य कैडर में करीब 175 लोक सेवकों को वरिष्ठता देकर नई नवीन पदस्थापना की है, जबकि स्थानांतरण नीति जारी करते समय तय यह हुआ था कि सभी आदेश एक साथ और आनलाइन ही जारी किए जाएंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

### बाबूगीरी कर रहे प्राचार्यों को वरिष्ठता

विभाग ने 77 प्राचार्य कैडर की वरिष्ठता सूची जारी की है। इनमें जो नाम शामिल हैं वे सभी राज्य शिक्षा केंद्र, लोक शिक्षण संचालनालय, डाइट, डीईओ कार्यालय आदि में पदस्थ हैं। यही नहीं ये यहां कई सालों से हैं। इन्हें हाईस्कूल प्राचार्य से हायर सेकंडरी की वरिष्ठता का प्रभार देकर उसी कार्यालय में पदस्थ किया गया है। जबकि इन प्राचार्यों को प्रदेश भर में खाली पड़े जिलों के स्कूलों में पदस्थापना दी जानी चाहिए थी। शिक्षक संगठनों का कहना है कि वरिष्ठता का प्रभार खाली पदों पर पदस्थापना दी जाती है। जब मुख्यालय में यह लोकसेवक बाबूगीरी कर रहे हैं और पद खाली नहीं हैं तो इन्हें वरिष्ठता किस आधार पर दी गई है।

### इनकी पदस्थापना गुपचुप करा ली गई

राजधानी स्थित शासकीय नवीन कन्या विद्यालय की व्याख्याता नूतन त्रिपाठी को उच्च प्रभार देकर डाइट भोपाल में पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा शासकीय उमावि के व्याख्याता गोविंद गुप्ता को डाइट भोपाल में उच्च प्रभार देकर पदस्थ किया गया है। इसी तरह डीपीआइ में पदस्थ सरिता जैन, शैलेष कुमार वर्मा, प्रमिल रावत, चंद्रशेखर सोलंकी, वर्षा राजीव, संजीव जैन, विनीता खरे, अजित श्रीवास्तव को उच्च प्रभार देकर वहीं पदस्थ कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र की आशीष भारती को चुपचाप उच्च प्रभार दे दिया गया।

"नियमानुसार पदोन्नति और पदस्थापना दी जा रही है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई करेंगे।

**- इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री**

शासन पूरी प्रक्रिया आनलाइन और च्वाइस फिलिंग कर रहा था। अब अचानक से आफलाइन आदेश जारी कर पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला दिया है।

**- उपेंद्र कौशल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, शासकीय शिक्षक संगठन**

## उर्दू में 90प्रश से अधिक अंक लाने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

भोपाल यशभारत। उर्दू अकादमी ने प्रदेश के हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री और उर्दू अकादमी की उर्दू कक्षा के विद्यार्थियों को उर्दू में अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। उत्तीर्ण छात्र और छात्राएं जिन्होंने 2023 की परीक्षा में सम्मिलित हो कर उर्दू विषय में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है उन्हे पुरुस्कृत किया जायेगा। सभी पात्र मेघावी विद्यार्थियों में से सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्रथम पुरस्कार 2 हजार रूपये , द्वितीय पुरस्कार 1 हजार 500 रूपये दिए जायेंगे। शेष सभी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उर्दू कक्षा, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल की परीक्षा में उर्दू विषय में अधिक अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण हुऐ छात्र-छात्रायें अपनी सत्यापित अंक सूची, बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति, मोबाईल नं0 एवं पूरा पता 30 सितम्बर, 2023 तक मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति विभाग के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल को भेजें तथा अन्य जानकारी अकादमी के फोन नं0 0755-2551691 से प्राप्त की जा सकती है।




## पर्यटन स्थलों पर निजी आवास अनुबंधित कर होटल जैसी सुविधाएं देगा पर्यटन निगम

भोपाल, यशभारत। राज्य पर्यटन विकास निगम प्रमुख पर्यटन स्थलों पर निजी मकान किराए पर लेकर यहां आने वाले पर्यटकों को ठहराने और उन्हें होटल जैसी सुविधाएं देने पर विचार कर रहा है। ये ऐसे मकान होंगे, जो लंबे समय से खाली हैं और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से दूर हैं। इसकी कार्ययोजना तैयार कर निगम संचालक मंडल से अनुमति लेगा और फिर मकान मालिकों से मकान अनुबंध पर लेने की शर्तें तैयार होंगी। प्रदेश के अधिकांश पर्यटन स्थलों पर निगम की होटलें हैं, पहले यह घाटे में चल रही थीं, पर अब लाभ में हैं। बल्कि अब यह हो गया है कि होटलें खाली नहीं रहती हैं, इसलिए पर्यटकों को दूसरे विकल्प तलाश करने पड़ते हैं।पर्यटकों की इसी आवश्यकता को भुनाने के लिए निगम इस योजना पर विचार कर रहा है। अधिकारियों का सोच है कि इससे जहां पर्यटकों को ठहरने और खाने की उम्दा सुविधा मिलेगी, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार और निगम को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। निगम पचमढ़ी, ओंकारेश्वर, महेश्वर, उज्जैन, ओरछा, खजुराहो, सांची सहित अन्य शहरी और कस्बाई पर्यटन क्षेत्रों में लंबे समय से खाली भवन स्वामियों से बात करेगा। विदेश में नौकरी कर रहे या वहां शिफ्ट हो चुके लोगों ने प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अचल संपत्ति खरीदकर छोड़ दी है। ऐसे मकान वर्षों से बंद हैं या चौकीदार देखरेख कर रहे हैं। निगम ऐसे ही मकानों पर ध्यान देगा और उनके मालिकों से बात करेगा। वे तैयार हुए तो पांच से 10 वर्ष के लिए किराए पर लेने का अनुबंध करेगा और फिर उसे होटल की तरह संचालित करेगा। इसमें होटल जैसी सभी सुविधाएं रहेंगी। इन मकानों में रसोई घर की सुविधा भी रहेगी। इससे स्थानीय लोगों को रसोईया और सफाईकर्मी, भोजन परोसने वालों के रूप में काम मिलेगा।



# मानसून सीजन में विद्युत सुरक्षा संबंधी उपाय

**भोपाल, यशभारत। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बारिश (मानसून) में विद्युत सुरक्षा की ओर ध्यान देने की अपील की है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से विद्युत सुरक्षा संबंधी जानकारी भी साझा की है।**

### बिजली सुरक्षा के कुछ सूत्र

किसी घर,कारखाने की सारी वायरिंग किसी लाइसेंसधारी ठेकेदार से ही करवाई जानी चाहिए,प्लग को उसका तार खींच कर पावर प्वाइंट से अलग मत कीजिए। इसकी वजाय प्लग को खींचिये, जिन साकेटों तक छोटे बच्चों की पहुँच हो सकती है, वहाँ साकेट कवर का इस्तेमाल कीजिये, एडाप्टर के प्रयोग से बचें और एडाप्टरों में एडाप्टर न लगाये, बिजली के ऐसे उपकरण, जो लगातार प्रयोग में न हों, के स्विच बंद कीजिये और सुनिश्चित करिये कि जब आप घर पर न हों तो बिजली के उपकरणों के प्लग निकले रहें और वे बंद रहें ताकि आग के खतरे और ऊर्जा की बर्बादी से बचा जा सके। आईएसआई निशान वाले बिजली के उपकरणों का प्रयोग सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए खासतौर पर स्नानघर, शावर और गी?र, यह सुनिश्चित करें कि जब आप एक प्लग को निकाल रहे हों या लगा रहे हों तो आपके हाथ गीले न हों। क्षतिग्रस्त तारों वाले बिजली के उपकरणों का प्रयोग न करें। क्षतिग्रस्त दिखने वाले तारों को बदल दें। प्रयोग में लाए जा रहे बिजली के सभी उपकरणों की नियमित रूप से जाँच करें और क्षतिग्रस्त सॉकेटों, एडाप्टरों और स्विच का प्रयोग न करें। उपकरण जैसे ही खराब हों, उन्हें तुरंत बदल दें। बिजली संबंधी कोई मरम्मत कराई जा रही हो तो मेन स्विच को हमेशा बंद रखें। स्वयं मरम्मत का कार्य तभी करें जब आप इसके बारे मे जानते हों। बरसात के दौरान, खुले स्थान में बिजली के उपकरण न चलाये। उपयुक्त रेटिंग वाले सर्किट ब्रेकरों और फ्यूजों का ही प्रयोग करें।

### बिजली का झटका लगने से निपटना

बिजली के झटके से मामूली कष्ट से लेकर बुरी तरह जलना और हृदय गति रूकने जैसी घटनाएँ हो सकती हैं। इसके शिकार के समक्ष जलने, नाड़ी धीमी पड़ने, साँस लेने में तकलीफ होने और बेहोश होने तक की भी स्थिति आ सकती है। बिजली का झटका निम्नलिखित कारणों से लग सकता है।

# शराब पार्टी में सादे कपड़े पहनकर पहुंचे आरक्षक, फिर की आबकारी ने कार्रवाई

**भोपाल, यशभारत।** शहर की सीमाओं पर स्थित ढाबे, रेस्टोरेंट, होटल में परोसी जा रही अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए आबकारी और पुलिस की टीम रात को छापामार कार्रवाई कर रही है। ऐसे में रात को कार्रवाई से बचने के लिए केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में दिनदहाड़े अवैध शराब पार्टी कराई जा रही थी। इसकी जानकारी जब आबकारी टीम को लगी तो उन्होंने पहले सादा कपड़ों में अपने आरक्षकों को भेजा, जब सूचना सही निकली तो टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। बता दें कि बुधवार रात का सीहोर नाका स्थित मोक्ष क्लब में देर रात शराब और हुक्का परोसा जा रहा था। जहां भी आबकारी ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए थे। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा ने बताया कि रातीबड़ क्षेत्र के



रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलों में लगातार अवैध शराब पार्टी किए जाने की सूचना मिल रही हैं। पिछले दिनों व्हाइट आर्चिड रेस्टोरेंट में अवैध शराब पिलाने पर कार्रवाई की गई थी। इसी तरह शनिवार को केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में शुक्रवार दिन में ही अवैध शराब पार्टी चल रही थी। इससे टीम द्वारा पहले दो आरक्षक को सादा कपड़ों में भेजा गया। जहां आरक्षकों ने पहुंचकर रेस्टोरेंट में देखा तो युवा जाम छलका रहे थे।आरक्षकों के बताने पर आबकारी की टीम ने रेस्टोरेंट में छापामार कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति शराब पी रहे 12 युवकों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।वहीं रेस्टोरेंट की तलाशी लेने पर संचालक बिलकिसगंज निवासी विनय सिंह चंदेल के पास से 29 बोतल अवैध बीयर बरामद की है। इससे उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। जहाज रेस्टोरेंट द्वारा पूर्व में अवैध शराब बेचे जाने पर मैनेजर के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जा चुका है। अब तक रेस्टोरेंट से अवैध शराब बेचने के मामले में लगभग 18 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आदतन अवैध शराब बेचे जाने के कारण रेस्टोरेंट के खिलाफ आबकारी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 22 अगस्त से एमबीबीएस व बीडीएस में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग

भोपाल , ईएमएस। प्रदेश के सरकारी और निजी मेडिकल एवं डेंटल कालेजों में एमबीबीएस व बीडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने दूसरे चरण का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया है। 22 अगस्त को रिक्त सीटों की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ ही प्रक्रिया शुरू होगी। 22 से 24 अगस्त तक उम्मीदवार अपनी पसंद के कालेज का विकल्प दे सकेंगे। पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रावीण्य सूची के आधार पर सीटों का आवंटन 28 अगस्त को किया जाएगा। अभ्यर्थी 29 अगस्त से तीन सिंतबर के बीच आवंटित कालेजों में प्रवेश ले सकेंगे। इसके बाद बची हुई सीटों के लिए मापअप चरण आयोजित किया जाएगा।

## घरेलू हिंसा की पीड़ित महिलाओं के लिए राज्य शासन की सहायता योजना

**भोपाल, यशभारत।** महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून में पीड़िता को व्यापक प्रावधान है । कई बार अपनों के हिंसात्मक व्यवहार से महिलाओं को स्थाई शारीरिक क्षति हो जाती है । राज्य सरकार ने घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अब महिला या बालिका को किसी अंग की स्थाई क्षति के फलस्वरूप 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2 लाख तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर 4 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। इस मुआवजे के लिए पीड़ित या उसके आश्रित की ओर से घटना के एक वर्ष के भीतर संबंधित क्षेत्र के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी (संरक्षण अधिकारी) अथवा प्रशासक वन स्टॉप सेंटर को आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ घटना की एफआईआर प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। मेडिकल बोर्ड शारीरिक क्षति का आंकलन कर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को प्रतिवेदन देगा, जिसके आधार पर समिति द्वारा मुआवजे की स्वीकृति दी जाएगी।

# नर्सिंग कालेजों की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप सकती है सीबीआई

**भोपाल,यशभारत।** हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेश के नर्सिंग कालेजों की जांच कर रही सीबीआइ जल्द ही कोर्ट को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने की तैयारी में है। जांच एजेंसी प्रदेश के 364 कालेजों की जांच कर रही है, इसमें सरकारी कालेज भी शामिल हैं।

सीबीआइ ने इसके पहले 24 कालेजों की जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी थी, इसमें कालेजों में कई तरह गड़बड़ी सामने आई थी। कई कालेज मापदंड के अनुसार संचालित होते नहीं मिले। कई फैकल्टी ऐसे मिले थे, जिनके नाम दूसरे कालेजों में दर्ज थे।

अब सभी कालेजों की संपूर्ण रिपोर्ट सीबीआइ कोर्ट को सौंपने की तैयारी में हैं। इसके पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर मप्र नर्सिंग काउंसिल ने नर्सिंग कालेजों की जांच की। इसमें 19 कालेजों में डुप्लीकेट फैकल्टी मिले। यानी, इनका नाम एक से अधिक



कालेजों में दर्ज था। काउंसिल ने इन कालेजों की मान्यता समाप्त कर दी है। बता दें कि नर्सिंग कालेजों में गड़बड़ी को लेकर ला स्टूडेंट एसोसिएशन ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

### इन कालेजों की मान्यता समाप्त

डुप्लीकेट फैकल्टी मिलने पर इन कालेजों की मान्यता समाप्त सुख सागर कालेज जबलपुर, आरके नर्सिंग कालेज दतिया, ज्ञान स्कूल आफ नर्सिंग धार, इंदौर इंटरनेशनल कालेज धार, जेबी इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग ग्वालियर, वैष्णवी इंस्टीट्यूट ग्वालियर, सैलाना कालेज आफ नर्सिंग धार, टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग भोपाल, टीडी इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशन स्टडीज रीवा। जीएनएस नर्सिंग कालेज दतिया, अभिषेक नर्सिंग कालेज ग्वालियर, श्रीस्वामी जी महराज कालेज आफ नर्सिंग दतिया, एनआरआइ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग भोपाल, महाराणा प्रताप स्कूल आफ नर्सिंग भोपाल, रविंद्र नाथ टैगोर इंस्टीट्यूट खंडवा, वीआइपीएस स्कूल आफ नर्सिंग ग्वालियर, सर्वधर्म स्कूल आफ नर्सिंग ग्वालियर, मधुवन स्कूल आफ नर्सिंग इंदौर और पीजी कालेज आफ नर्सिंग ग्वालियर।

**निर्देश** निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने साफ-सफाई व्यवस्था एवं निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण

# स्वच्छता के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**भोपाल, यशभारत।** निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर के विभिन्न मार्गो एवं कालोनियों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने नई जेल रोड स्थित गोंदीपुरा मे निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 75 अंतर्गत क्लासिका अपार्टमेंट के पास कचरा पाये जाने पर जोनल अधिकारी के



प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया खुले में कचरा फेकने वाले नागरिकों को समझाइश दें और सड़क पर कचरा डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करें तथा समझाइश के बाद भी न मानने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विनीत तिवारी, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर के विभिन्न जोन एवं वार्ड क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गो की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों से साफ-सफाई व्यवस्थाओं, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, गीला-सूखा कचरा पृथक्कीकरण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल ने लिंक रोड नं. 01, न्यू मार्केट मेन रोड, पालीटेक्निक चौराहा, रेतघाट, कमला पार्क, व्हीआईपी रोड, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, जेल रोड आदि की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नई जेल मुख्य मार्ग पर सड़क पर पड़ी रेत को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत क्लासिका अपार्टमेंट के पास कचरा पाये जाने पर जोनल अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया खुले में कचरा फेकने वाले नागरिकों को समझाइश दें और सड़क पर कचरा डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करें तथा समझाइश के बाद भी न मानने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करें। निगम आयुक्त नोबल ने संजीव नगर के पास श्रीकृष्ण गुरू अपार्टमेंट के सामने व्यापारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंककर की गई गंदगी देखकर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर सड़क पर कचरा न डालने, दुकानों पर डस्टबिन रखने एवं क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के संबंध में व्यापारियों से चर्चा करें और साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाये रखने हेतु निरंतर निगरानी करें।

## शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल,यशभारत।** गौतम नगर पुलिस ने एक बाइक मालिक की रिपोर्ट पर शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। संचालक पर आरोप है कि उसने दो साल पहले फायनेंस हो चुकी बाइक को नकद रुपये लेकर बेच दिया था। करीब 9 साल बाद जब फायनेंस कंपनी ने बाइक सीज कर ली तो मामले का खुलासा हुआ। अब इस मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दी है, इसकी शुरुआत बाइक शोरुम संचालक को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी की जाएगी। हम बता दें कि अरविंद सिंह (32) ग्राम बिसनखेड़ा, थाना इछावर जिला सीहोर के रहने वाले हैं। वह इंदौर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। अरविंद ने पुलिस को बताया कि मार्च 2016 में उन्होंने डीआईजी बंगला स्थित एक शोरूम से बजाज डिस्कवर बाइक करीब 50 हजार रुपए नकद जमा करके खरीदी थी। उसके बाद से वह लगातार अपनी बाइक को चला रहे थे। पिछले महीने 24 जुलाई 2023 को वह इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में अपना काम कर रहे थे, तभी एक फायनेंस कंपनी के कर्मचारी उनके पास पहुंचे और बताया कि उनकी बाइक फायनेंस पर है, जिसे सीज किया जाना है। अरविंद ने बाइक का रजिस्ट्रेशन और बिल दिखाते हुए कहा कि उन्होंने यह बाइक नकद रुपये जमा करके खरीदी है। उसके बाद फायनेंस कर्मचारी उन्हें न्यू पलासिया इंदौर स्थित अपने कार्यालय लेकर पहुंचे। यहां आफिस वालों ने बताया कि उनकी बाइक वर्ष 2014 में लखनलाल नामक व्यक्ति के नाम से फायनेंस हुई थी, जिसका लगभग 56 हजार रुपये बकाया है।

## » न्यूज गैलरी

### किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**कटनी,यशभारत।** खरीफ सीजन में कटनी जिले में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा लगातार नियमित तौर पर समीक्षा की जा रही है एवं उर्वरक की उपलब्धता हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि रेल्वे द्वारा तकनीकी समस्या के चलते झुकेही रैक प्वाइंट पर दो दिन रैक प्रतिबंध होने के कारण विलंब से खरीफ फसल हेतु जिले की उर्वरक उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद के अथक प्रयासों से शुक्रवार की रात यूरिया उर्वरक की रैक राजिस्थान से कटनी झुकेही रैक प्वाईन्ट पर पहुंच चुका है। रैक पहुंचने से सहकारी क्षेत्र में 850 मैट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 200 मैट्रिक टन उर्वरक कटनी जिले को प्रदाय किया जा रहा है।

### नागरिक सुविधा केन्द स्थापित करनें कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** जिला विपणन अधिकारी एवं एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अत्र्शी कृषक नगद उर्वरक क्रय करने आते आते है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला विपणन अधिकारी एवं एम0पी0 एग्रो के 7 उर्वरक विक्रय केन्द्रों में कृषकों की फसलों के बीमा प्रीमियम नामे करने हेतु नजदीकी सी.एस.सी नागरिक सुविधा केन्द्र का एक केन्द्र स्थापित करने के आदेश जारी किये है। उर्वरक विक्रय केंन्द्र में फसल बीमा कराने हेतु सी.एस.सी का विवरण कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिन जिला विपणन अधिकारी एवं एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र मे फसल बीमा कराने के लिए केन्द्र स्थापित करने हेतु सी.एस.सी अनुसार उर्वरक विक्रय केन्द्र डॅबल लॉक केन्द्र कटनी कुठला थाना के सामने हेतु वी.एल.ई सुश्री पलक अग्रवाल, जनपद कार्यालय बहोरीबंद के पास डबल लॉक केन्द्र बहोरीबंद हेतु एम.पी.एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र हेतु उपकृषि उपज मंडी बरही के एम.पी.एग्रो उर्वरक विक्रय केन्द्र हेतु कृषि उपज मंडी कटनी विपणन सहकारी समिति हेतु सिंह, उमरियापान ढीमरखेडा स्थित विपणन सहकारी समिति उमरियापान हेतु वी.एल.ई अजीत कुमार पाण्डेय को नियुक्त किया गया है।

# 50 सीटर कन्या छात्रावास का लोकार्पण

## तिलक कॉलेज में एक करोड़ बीस लाख की लागत से बना छात्रावास

**कटनी,यशभारत। कटनी शहर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक करोड़ बीस लाख की लागत से बने 50 सीटर कन्या छात्रावास का लोकार्पण मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में नगर की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी के विशिष्ट अतिथि विद्या महाविद्यालय प्राचार्य की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पहले चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई।विधायक श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली बेटियों के लिए यह सुनहरा पल है। कि हम सभी के प्रयास से प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उक्त छात्रावास का निर्माण करा कर विद्यार्थियों के हित में एक सुनहरा अध्याय जोड़ा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्थानीय सांसद व



प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा उच्च शिक्षा मंत्री उच्च शिक्षा विभाग का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में दूरदराज से अध्ययन करने वाली छात्राओं के हित में निर्माण मील का पत्थर साबित होगा। अब बेटियां यहां रहकर अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न हितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिसका लाभ सीधे तौर पर विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने मौजूद छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा लिया गया यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में है।उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली बेटियों को उच्च शिक्षा यहां रहकर आसानी से प्राप्त हो सकेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शान द्वारा विद्यार्थियों के हित में लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। छात्रावास निर्माण से बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि अब बेटियां यहां रहकर अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान इस दौरान पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित महाविद्यालय परिवार का स्टाफस्थानीय जनों की मौजूदगी रही।

# कसौद के युवाओं ने की प्रथम बार ट्रैकिंग



**कटनी,यशभारत।** जिले के युवाओं को पर्यावरण एवं साहसिक अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफइंडिया जिला इकाई कटनी द्वारा राज्य के गोल्डन जुबली एवं इकाई के सिल्वर जुबली वर्ष के अंतर्गत एक दिवसीय वसुधा गैर ट्रैकिंग अभियान का आयोजन शनिवार 12 अगस्त को किया गया। इस अभियान में कैमोर डी.ए.व्ही. के 60 बच्चों को कैमोर के इतिहास में प्रथम बार साहसिक अभियान के रोमांच का स्वाद चखाया गया। जिला वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा एवं डी.ए.व्ही. कैमोर प्राचार्य ए.के. मिश्रा एवं अभियान प्रभारी राजेश वर्मा, शैलेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में बच्चों ने साहसिक क्रियाकलापों एवं पर्यावरण का भरपूर आनंद लिया। 8 किलोमीटर के इस अभियान को व्यवस्थित करके इकाई सचिव वीरेन्द्र सिंह, नारायण दश्र द्विवेदी एवं श्रीमती बीना भूटानी का सराहनीय योगदान रहा। जिला वन मंडल परिक्षेत्र अधिकारी डी.एस.पटेल, शिवकुमार सुखवंत, जहॉगीर सिंह वन्य क्षेत्र में प्रतिभागी की सुरक्षा के लिए उनके साथ मौजूद थे। यूथ हॉस्टल के गाईड केसरी सिंह, असित सिंह, करन सिंह बच्चों को वन क्षेत्र में औषधि वृक्षों की जानकारी दे रहे थे। दल को सुबह 7.30 बजे हाऊसिंग बोर्ड चौराहा में यूथ हॉस्टल के राज्य उपाध्यक्ष एवं इकाई चेयरमैन गोपाल शर्मा एवं इकाई उपाध्यक्ष श्रीराम कुदरहा एवं रानू जैन ने शुभाशीष देकर अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। सर्वप्रथम दल ने बांधा इमलाज के सिद्ध मंदिर में पूजन अर्चन कर अभियान की सफलता की कामना की। तत्पश्चात् करीब सुबह 10.30 बजे अपनी ट्रैकिंग प्रारंभ की। वसुधा झरने में पहुंच कर सभी ने पानी में खूब धमाचौकड़ी की। भीषण गर्मी भी प्रतियोगियों को हतोत्साहित नहीं कर पाई। गांव के गरीब बच्चों को बांटने के लिए अंजय जैन द्वारा स्नैक्स प्रदान किया गया। इसे सफल बनाने में नवीन मिश्रल, श्रीप्रकाश जायसवाल, सुशील कुशवाहा, रानू जैन, सचिन सिंघई का सराहनीय योगदान था। इकाई अध्यक्ष पंचम जैन एवं चेयरमैन गोपाल शर्मा ने सभी को बधाई दी है। अभियान प्रभारी राजेश वर्मा एवं शैलेन्द्र जैन ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



### कैमोर में पिछले साल स्थापित हुआ है 100 फुट ऊंचा स्तम्भ

कैमोर नजर में पिछले साल आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक एक में विंध्याचल पर्वत की हरी भरी वादियों के बीच ओपन जिम वाले मैदान में 100 फुट ऊंचे स्तम्भ का निर्माण कर उस पर 30 फुट का तिरंगा हमेशा के लिए फहराया गया था। 100 फुट की ऊंचाई पर फहरा यह तिरंगा बहुत दूर से ही नजर आने लगता है। हरीतिमा के बीच पर्वत की ऊंचाई को मात देता हुआ आसमान पर फहराता यह तिरंगा देखकर लोगों के मन मे देश प्रेम का जज्बा हिलोरें मारने लगता है। नगर परिषद के इस कार्य को विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं कलेक्टर अवि प्रसाद ने भी सराहा है।

# नगर के जनप्रतिनिधियों ने तिरंगे के नीचे ली देशप्रेम की शपथ

## परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने भी रोपे पौधे



**कैमोर, यशभारत।** स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम कैमोर नगर परिषद के तत्वाधान में सौ फुट की ऊंचाई पर फहरे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के नीचे आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को देशप्रेम की शपथ दिलाई। अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी में जकड़ें इस देश को आजाद कराने हजारों रणबांकुरों ने अपनी कुर्बानी दी है। उन अमर शहीदों का खून देश की इस मिट्टी में मिला है। यह मिट्टी हमारे लिए किसी चंदन से कम नहीं। कार्यक्रम में देश के स्वाधीनता सेनानियों और शहीद सैनिकों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सभी ने स्वाधीनता की 76 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर ध्वज परिसर में पौधे भी रोपे गए। इस मौके पर अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, पार्षद शांति यादव, अनिता कोल, अनिता सेन, विनीता कोल, नोडल अधिकारी स्वच्छता अभियान पृथ्वीराज सिंह, हिमांशु गौतम रामकिंकर तिवारी, बिहारी यादव आदि कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।



# पथ विक्रेताओं का पुन : पंजीयन प्रारंभ

## महापौर प्रीति संजीव सूरी ने योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिका निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहरी पाठ व्यवसाईयों का रोजगार एवं उनकी आजीविका को बढ़ाने हेतु इन व्यवसाईयों को पुनः रोजगार से जोड़ने एवं स्थाई आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए इन्हें भारत सरकार की योजना पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि पीएम स्व निधि से लाभान्वित किया जाना है। स्व निधि योजना की खास बात यह है। कि अगर कोई व्यक्ति इस स्कीम के अंतर्गत 10000 का लोन लेता है। और वह इस समय पर चुका देता है ऐसे में उसकी अगली बार योजना के तहत 20000 और 20000 चुकता करने पर 50000 के ऋण हेतु पात्र हो जाता है। जो कि बिना धरोहर राशि के ऋण एवं डिजिटल पेमेंट पर कैशबैक का प्रावधान है। पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी विभिन्न क्षेत्रों में वेंडर मोची नाई धोबी आदि छोटे-मोटे काम करने वाले लोगों को अपना रोजगार शुरू करने वाले लोग पात्र होंगे। योजना का लाभ पाने हेतु इच्छुक हितग्राही एमपी ऑनलाइन एवं नगर निगम की एनयुएलएम शाखा से पंजीयन कराकर ऋण हेतु आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। महापौर श्रीमती संजीव सूरी ने शहर के हितग्राहियों से अधिक से अधिक संख्या में शासन की रोजगार मूलक योजना का लाभ लेने अपील की है।

## 8 मई से शुरू क्विज प्रतियोगिता का समापन कल

# लोगों के सिर चढ़कर बोला कटनी को जानें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का जादू

**कटनी,यशभारत।** कटनी के गौरवमयी इतिहास, समृद्धशाली सांस्कृतिक, साहित्यिक और भौगोलिक विरासत, स्वातंर्त्य समर की गौरव गाथा सहित जिले की कई विशेषताओं से लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से 8 मई से शुरू कटनी को जानें क्विज प्रतियोगिता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रतियोगिता का समापन होगा। सोमवार 14 अगस्त को कटनी को जानों क्विज प्रतियोगिता में स्वतंत्रता पश्चात् भारत की सुरक्षा में कटनी का योगदान एवं कटनी के अमर शहीदों से संबंधित प्रश्न पूँछे जायेंगे। अपने अंतिम पड़ाव पर चल रही इस क्विज प्रतियोगिता के प्रति देश भर के प्रतिभागियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। प्रतिभागियों में क्विज प्रतियोगिता का जादू सिर चढ़कर बोला। इस प्रतियोगिता का समापन 15 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव पर होगा। कटनी को जानो ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कटनी जिले के गौरवपूर्ण इतिहास, विशेषताओं और राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में कटनी के योगदान से समूचे देश के आम जनमानस और नई पीढ़ी को परिचित कराना है। यह ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता 8 मई से प्रारंभ होकर सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर शेष सभी दिवस प्रतिदिन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक आयोजित होगी। जिसमें बहुविकल्पीय 10 प्रश्न ऑनलाइन प्रसारित किए जाते है। जिनके उत्तर प्रतिभागी को उसी दिन रात 12 बजे तक ऑनलाइन सबमिट करने होते है। अगले दिन सुबह 11 बजे परिणाम घोषित करने के साथ ही नया कंटेंट और नए 10 बहुविकल्पीय प्रश्न प्रसारित किए जा रहे है। यह क्रम 15 अगस्त 2023 तक जारी रहेगा। प्रतिभागी कटनी-को -जाने -प्रतियोगिता/ लिंक के जरिए प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को भारत का नागरिक होना जरूरी है। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई बाध्यता प्रतिभागी के लिए निर्धारित नहीं की गई है। किसी भी उम्र के प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।




### रोजाना दो हजार की पुरुस्कार राशि

प्रतिदिन प्रस्तुत सही जवाब के आधार पर रेंडमली विजेताओं का चयन किया जाता है। जिसमें प्रथम स्थान में आने वाले प्रतिभागी के लिए 1000 रूपए, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 500, 300 और 200 रुपए पुरुस्कार राशि निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि ष्कटनी को जानोष् प्रतियोगिता बच्चों और युवाओं के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध साबित हो रही है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से नई और युवा पीढ़ी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में कटनी के योगदान को बेहतर तरीके से जान सकेगी। इसके साथ ही कटनी के पर्यटन स्थल, प्राकृतिक और मानव निर्मित जल संरचनाओं, दूरसंचार, चित्रित शैलाश्रय, खनिज संपदा, रेल संरचना, आयुध निर्माणी आदि के संबंध में कई रोचक जानकारियों से रूबरू हो रही है। ऑनलाइन क्विज के माध्यम से आम जनमानस को कटनी के साहित्यिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, कला, खेल आदि क्षेत्र के इतिहास, प्रशासनिक ढांचे सहित कई रोचक और महत्वपूर्ण जानकारियों से परिचित हो सकें हैं। साथ ही बच्चे गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग भी कर पाऐ और इससे उनका ज्ञानवर्धन भी हुआ।

# शहरवासियों को मिली रोड स्वीपिंग मशीन की सौगात

## कलेक्टर के डिस्ट्रिक्ट एनवारमेंट 2021 कार्यक्रम में शामिल था प्लान



**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की दूरदर्शी सोच एवं शहर के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प पूरा हो रहा है। इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवम् निगमायुक्त विनोद शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन भी अधिकारियों को प्राप्त हो रहा है। गौरतलब है कि महापौर श्रीमती सूरी के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शहर को उच्चतम पायदान पर ले जाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उनके द्वारा नगर के सभी 45 वार्डो के मार्गो एवं शहर के मुख्य मार्गों की साफ सफाई का कार्य व्यवस्थित तरीके से कराने के लिए रोड स्विपिंग मशीन शहर को सौगात के रूप में दी गई है। उल्लेखनीय है की उक्त मशीन नगर पालिक निगम में पूर्व में उपलब्ध नहीं थी। जिसे महापौर ने प्राथमिकता के आधार पर उक्त कार्य को करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था। अब उक्त मशीन से नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले मुख्य मार्ग जैसे झिंझरी रोड बस स्टैंड रोड मुख्य बाजार गणेश चौक मार्ग स्टेशन रोड एवं सभी वार्डो के मुख्य मार्ग में सफाई कार्य व्यवस्थित तरीके से हो सकेंगे। यह प्लान कलेक्टर के जिला एनवायरनमेंट कार्यक्रम 2021 में शामिल किया गया था। जो कि अब जाकर पूरा हुआ।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी बहिन शकुन बाई जोजे धनीराम वर्तमान निवासी छैघरा कैलवारा रेल्वे फाटक के पास कटनी अपने पिता के नाम की ग्राम खरखरी नंबर-1 तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) में स्थित खसरा नंबर 208, 433, 600, 614, 621, 624, 625, 692, 696 कुल रकवा 2.17 हे. का पिता द्वारा किये गये मौखिक बंटवारा के विपरीत चौहद्दी दर्शाते हुए विक्रय करने की कुचेष्टा में है। मेरे हिस्सा की ख.नं. 621 जिसमें मेरा ट्यूबवेल खुदा है को तथा ख.नं. 614 जिसका हिस्सा वह मुझे विक्रय करने की लिखा-पढ़ी कर चुकी है। को भी विक्रय करने की कुचेष्टा की गई इन सभी जमीनों का मुकदमा व्यवहार वाद क्रमांक आर.सी.ए./0000014/2023 सुश्री सोनम शर्मा चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कटनी की न्यायालय में चल रहा है वह उक्त खसरा नंबर की भूमि का विक्रय करने की कोशिश में है ।अतः आप जनता को सूचित किया जाता है कि वह उक्त व्यवहार वाद क्रमांक के निराकरण तक किसी भी प्रकार से वादग्रस्त भूमि को न खरीदे, न सौदा करें, न खुर्द-बुर्द करें न अन्यथा उसकी समस्त जबाबदारी क्रेता की होगी ।

दिनांक.11.08.2023

भवदीय
नत्थूलाल वल्द फागू रजक निवासी ग्राम खरखरी नंबर-1 कटनी तहसील व जिला कटनी (म.प्र.)

## बेचना है

**ग्राम धपई इमलिया के आगे निवार रोड पर स्थित एक फैक्ट्री/जमीन माधवनगर कैम्प कटनी (म.प्र.) जिसका क्षेत्रफल 1 लाख 144 वर्गफुट है। जो डाइवरटेड भूमि इंडस्ट्री में है। जिसमे चारों तरफ बाउंडरी वाल निर्मित, बिजली कनेक्शन, सुसज्जित आफिस रूम, स्टोर रूम, गोदाम 20X40 का, मजदूरों के रहने योग्य आवास शीघ्र-अतिशीघ्र बेचना है।**

**संपर्क- सौरभ बंसल, जयपुर मो. 9799709708**
**धीरज जग्गी, कटनी मो. 9893817816**


# शिकागो शाला में मनाया गया हिरोशिमा नागासाकी दिवस



**कटनी,यशभारत।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्र सेनाओं ने जापान के दो बड़े नगरों 6 अगस्त को हिरोशिमा एवं 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर परमाणु बम गिरा कर मानवता के इतिहास को कलंकित किया। इस दौरान करीब ढाई लाख से अधिक नागरिक जिनमें बच्चे, जवान, वृद्ध, महिलाएं पुरुष जो आम नागरिक थे जाने युद्ध से कुछ लेना देना ना था उसी क्षण मारे गए तथा लाखों लोगों को आने वाले समय में परमाणु बम से निकले हुए विकिरण जनित विभिन्न बीमारियों जिसमें कैंसर प्रमुख थी का शिकार होना पड़ा। यह परमाणु त्रासदी भले ही द्वितीय विश्व युद्ध को रोकने में कामयाब रही परंतु मानवता के लिए यह एक दुखद अध्याय था। परमाणु बम क्या होता है। नाभिकीय विखंडन क्या होता है। नाभिकीय विखंडन के दौरान निकलने वाली विध्वंसकारी अतुल ऊर्जा एवं जानलेवा विकरण के बारे में इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने समझा। परमाणु विखंडन के वैज्ञानिक पहलुओं को जाना बम की विभीषिका को महसूस किया। शिकागो पब्लिक स्कूल में इस अवसर पर नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र तथा परमाणु बम की विभिन्न हानिकारक पहलुओं को कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा समझा गया। इस अवसर पर ठाकुर राजेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए पीड़ति मानवता को याद किया मोहन नागवानी ने परमाणु बम संबंधी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया प्राचार्य आर एल निगम ने वर्तमान में दुनिया में उपलब्ध हजारों परमाणु बम से संभावित खतरों के बारे में अवगत कराया गया शिकागो पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में परमाणु बम हमले में शहीद नागरिकों को याद किया गया तथा मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम में अनिल दुबे एवं के के सिंह का सहयोग रहा।



# निगमायुक्त ने किया नदी बैराज एवं जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** कटनी निगमायुक्त विनोद शुक्ल द्वारा कटनी नदी स्थित बैराज एवं नवीन जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया गया। गौरतलप है कि अत्यधिक बारिश होने के कारण जल की स्थिति एवं शहर में हो रही पेयजल स्थिति को देखते हुए यह निरीक्षण किया। गया। निगमायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सुचारू संचालन के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा उपयत्री अश्वनी पांडे मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टीम का 17 साल पुराना इतिहास हुआ खराब हार्दिक की कप्तानी में बने 3 शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 5वें टी20 में 8 विकेट से हार गई। इसी के साथ टीम इंडिया ने ये सीरीज 3-2 से गंवा दी। ये लगातार 12 सीरीज के बाद पहला मौका है जब टीम इंडिया किसी सीरीज में हारी है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टीम इंडिया का ये शानदार रिकॉर्ड एक झटके में टूट गया। यही नहीं इस सीरीज के साथ टीम इंडिया को और भी कई बड़े नुकसान झेलने पड़ेंगे।



## टूटा 17 साल पुराना रिकॉर्ड

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज हार के साथ टीम इंडिया का एक 17 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पिछले 17 सालों में कम से कम तीन मैचों की किसी भी सीरीज में हार नहीं झेली थी। लेकिन यहां हारते ही टीम का ये रिकॉर्ड अब टूट चुका है।

## 25 महीने में हारी पहली सीरीज

इतना ही नहीं भारतीय क्रिकेट टीम पिछले 25 महीने से कोई भी टी20 सीरीज नहीं हारी थी। आखिरी बार टीम इंडिया जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से हारी थी। इसके बाद से अगले 2 साल तक भारतीय क्रिकेट टीम दुनिया के किसी कोने में कोई टी20 सीरीज नहीं हारी थी।

## पहली बार हुआ ऐसा

इसी के साथ हार्दिक की कप्तानी में टीम इंडिया ने एक और शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया। टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया कभी किसी सीरीज के तीन मुकाबले नहीं हारी थी। लेकिन वेस्टइंडीज में ये भी हो ही गया। वहीं इस सीरीज में हार के साथ कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी पहली बार सवालों के घेरे में है।

# हारना अच्छा होता है; टीम इंडिया ने गंवाई सीरीज, हार्दिक पांड्या ने फिर दिया अटपटा बयान

भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ वेस्टइंडीज की टीम ने इस सीरीज में 3-2 से बाजी मारी। ये 12 टी20 सीरीज में जीत के बाद पहला मौका था जब टीम इंडिया हारी। हाल ही में भारत के नए टी20 कैप्टन बने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में ये रिकॉर्ड टूट गया। अपने अजीबोगरीब बयानों के चलते अक्सर चर्चा में रहने वाले हार्दिक ने टीम इंडिया की सीरीज हार पर भी एक बड़ा बयान दिया है।

## जीत के बाद हार्दिक का बहाना

टीम इंडिया की हार के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा कि कई बार हारना अच्छा होता। हार्दिक ने मैच के बाद कहा कि जब मैं आया तो हमने लय खो दी और स्थिति का फायदा नहीं उठा सके। मेरा मानना ??है कि हम खुद को चुनौती देंगे। हम बेहतर बनने की कोशिश करते रहेंगे। अंत में, यह ठीक है। हमें ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं है। मुझे पता है ग्रुप में लड़के कैसे हैं। हमारे पास यह पता लगाने के लिए पर्याप्त समय है। हारना कई बार अच्छा होता है।

## ये सब प्रक्रिया का हिस्सा

हार्दिक ने आगे कहा कि हमने बहुत कुछ सीखा है। लड़कों ने कैरेक्टर दिखाया। उन्हें श्रेय। वे आते रहे और कुछ नया करने की कोशिश करते रहे। यह प्रक्रिया का हिस्सा है। यह वही है जो मैं उस पल महसूस करता हूं। यदि मैं कोई स्थिति देखता हूं, तो मैं आमतौर पर वही चीज पसंद करता हूं जो मन में आती है। कोई रॉकेट साइंस नहीं, बस मुझे ऐसा महसूस होता है। जो भी युवा आ रहा है, वह कैरेक्टर दिखा रहा है। जब मैं देखता हूं कि एक युवा अंदर आता है और अपना हाथ ऊपर रखता है तो मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। टी20 वर्ल्ड कप यहीं होगा। तब बड़ी संख्या होगी।

## मैच के साथ टीम इंडिया ने गंवाई सीरीज

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए 5वें मुकाबले के बारे में बात करें तो टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को 166 रनों का लक्ष्य दिया। टीम इंडिया के लिए सूर्यकुमार यादव ने 61 रनों की पारी खेली। सूर्या के अलावा तिलक वर्मा 27 रन बनाकर इस मैच में भारत की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। मैच की पहली पारी में रोमारियो शेफर्ड ने चार विकेट, अकील होसिन और जेसन होल्डर ने दो विकेट, वहीं रोस्टन चेस ने एक विकेट हासिल किया। वेस्टइंडीज ने इस टारगेट को मात्र 18 ओवर में दो विकेट खोकर चेज कर लिया। ब्रैंडन किंग ने 85 रन और निकोलस पूरन ने 47 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# वर्ल्ड कप से पहले इस खिलाड़ी ने जड़ा लगातार दूसरा शतक, पिछले चार मैचों में बना दिए इतने रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज पृथ्वी शॉ टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इस समय वह इंग्लैंड की धरती पर काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं, जहां वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह नॉर्थम्पटनशर की तरफ से खूब रन बना रहे हैं। नार्थम्पटनशर की तरफ से उन्होंने लगातार दूसरा शतक लगाया है और अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है।



## पृथ्वी शॉ ने जड़ा शतक

पिछले मैच में दोहरा शतक जड़ने के बाद पृथ्वी शॉ ने वनडे कप में फिर शतक जड़कर नार्थम्पटनशर को डरहम के खिलाफ छह विकेट से जीत दिलाई। शॉ ने 76 गेंद में 15 चौके और सात छक्के लगाकर नाबाद 125 रन की पारी खेली जिससे नार्थम्पटनशर ने 198 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज ल्यूक प्रोक्टर ने नौ ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके थे, जिससे नार्थम्पटनशर ने डरहम को 43.2 ओवर में महज 198 रन पर समेट दिया। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी के तूफानी शतक से नार्थम्पटनशर ने यह लक्ष्य सिर्फ 25.2 ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच से पहले मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने नौ अगस्त को 153 गेंद में 244 रन की शानदार पारी खेली थी जिसमें 28 चौके और 11 छक्के जड़े थे। उनकी वजह से ही इस मैच में नार्थम्पटनशर ने समरसेट को 87 रन से हराया था। दोहरा शतक लगाने के बाद पृथ्वी ने कहा था कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं। नॉर्थम्पटनशायर ने मुझे यह अवसर दिया है और वे वास्तव में मेरी देखभाल कर रहे हैं और मैं इसका आनंद ले रहा हूं। शॉ पिछले चार मैचों में 429 रन बना चुके हैं।

## टीम इंडिया से चल रहे बाहर

पृथ्वी शॉ टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला 2021 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वह भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे हैं। वह पिछले महीने दलीप ट्राफी में वेस्ट जोन की तरफ से खेले थे लेकिन प्रभावित नहीं कर सके। पृथ्वी ने टीम इंडिया की तरफ से तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेला है। उन्होंने टीम इंडिया की तरफ से 5 टेस्ट, 6 वनडे और 1 टी20 मैच खेला है।

# अब क्रिकेट में भी दिखाया जाएगा लाल कार्ड, सीपीएल से होगी शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी।** अब फुटबॉल की तरह ही क्रिकेट में भी गलती होने पर अंपायर खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर जाने का आदेश देगा। इसकी शुरुआत कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के इस सत्र से हो रही है। सीपीएल में रेड कार्ड के इस्तेमाल का एक मात्र कारण धीमी ओवर गति पर रोक लगाना है। सीपीएल के टूर्नामेंट निदेशक माइकल हॉल ने कहा, धीमी ओवर गति के कारण टी20 मैच का समय हर साल बढ़ता जा रहा है। हमने टूर्नामेंट से पहले फ्रेंचाइजी और हमारे मैच अधिकारियों को इस बारे में ध्यान रखन को कहा था। हमें उम्मीद है कि मैच के दौरान इस तरह की पेनल्टी की जरूरत नहीं पड़ेगी पर धीमी ओवर रेट की परेशानी को अगर ठीक करना है तो फिर इस तरह की सजा देने के अलावा कोइ अन्य विकल्प नहीं है। वर्तमान में धीमी ओवर गति के लिए केवल जुर्माने ही लगाया जाता है। धीमी ओवर गति के लिए बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के ओवर कम कर दिये जाते हैं। इसके अलावा कप्तान पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया जाता है पर इससे अब तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी धीमी ओवर गति के कारण मैचों का समय बढ़ रहा है। नये नियम के अनुसार अगर 18वें ओवर के शुरू होने से पहले पाया जाता है कि निर्धारित समय में टीम का ओवर रेट कम है तो उसके एक खिलाड़ी को सर्कल के अंदर आना होगा। मतलब 4 की जगह कुल 5 खिलाड़ी 30 यार्ड के सर्कल के अंदर रहेंगे। वहीं अगर टीम 19वें ओवर के पहले ओवर रेट में पिछड़ती दिखी तो उसके 2 खिलाड़ियों को 30 गज के घेरे के अंदर आना होगा। इस प्रकार 4 के बजाए 6 खिलाड़ी 30 यार्ड के सर्कल के अंदर क्षेत्ररक्षण करेंगे। वहीं अगर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम अंतिम ओवर के शुरू होने से पहले ओवर रेट में पिछड़ती पाई जाती है तो फिर उसे अपने एक खिलाड़ी के बिना ही खेलना होगा। तब क्षेत्ररक्षण कर रही टीम के एक खिलाड़ी को मैदान से बाहर जाना पड़ेगा. बाहर जाने वाले खिलाड़ी का चयन बल्लेबाजी कर रही टीम का कप्तान करेगा। इसके साथ ही 6 खिलाड़ी 30 गज के दायरे के भीतर रहेंगे। इससे बल्लेबाजी करने वाली टीम को लाभ होगा। धीम ओवर रेट को लेकर नियम सिर्फ क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को लेकर ही नहीं बने हैं। बल्लेबाजी कर रही टीम पर भी ओवर रेट को बनाये रखने की जिम्मेदारी होगी। ऐसे में बल्लेबाज समय बेकार नहीं कर पायेंगे। अगर बल्लेबाजी टीम जानबूझकर समय बर्बाद करती हुई पाई गई तो अंपायर की ओर से उन्हें पहली और अंतित चेतावनी दी जाएगी, जिसके बाद हर बार समय बर्बाद करने के लिए 5 रन का जुर्माना भी लगेगा।

# विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता 16 से

**जबलपुर, यशभारत।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र विधायक कप महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 16 व 17 अगस्त को बंगाली क्लब के इंडोर हॉल में आयोजित की जा रही है। कबड्डी संघ के शानू यादव के अनुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर की सभी टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता को ट्रॉफी के साथ ही नकद राशि एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार विधायक विनय सक्सेना द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक टीमें शानू यादव से संपर्क कर सकती हैं।

# अंतर शालेय टेबल टेनिस स्पर्धा 16 से

**जबलपुर, यशभारत।** अंतर शालेय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 16 एवं 17 अगस्त को नचिकेता हायर सेकंडरी स्कूल के संयोजन में किया जाएगा। बालक-बालिका वर्ग 14, 17 व 19 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ी शाला क्रीड़ा अधिकारी सुशील कुमार रजक के पास अपनी प्रविष्टियां ऑन लाइन पंजीयन के साथ जमा कर सकते हैं।

# एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप

## पमरे की संगीता मिश्रा भारतीय हैन्डबॉल टीम की मैनेजर

**जबलपुर, यशभारत।** 17अगस्त से 23 अगस्त तक जापान में आयोजित होने वाली एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप (क्वॉलिफ़ाई फॉर पेरिस ओलिंपिक गेम्स) प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल की संगीता मिश्रा को भारतीय वुमेन्स हेन्डबॉल टीम का मैनेजर नामित किया गया है। संगीता मिश्रा अंतरराष्ट्रीय हेन्डबॉल खिलाड़ी व भारतीय टीम से 02 बार एशियन ट्राफी एवं विश्व रेलवे प्रतियोगिता में भी भाग ले चुकी है। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे टीम की भी कोच है। हेन्डबॉल एसोसिएसन इंड़िया द्वारा संगीता मिश्रा को भारतीय हैन्डबॉल टीम का मैनेजर बनाया गया है। एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में एशिया की 05 टीम भाग ले रही है। जिसमें इंड़िया, कजाकिस्तान, कोरिया, जापान, चीन, एवं साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में विश्व के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देशों का नाम रोशन किया है। संगीता मिश्रा की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, ड़ी.सी.आहिरवार, अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, सी. वेणु गोपाल, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, ड़ॉ. आशुतोश गर्ग, महासचिव-पमरे खेलकूद संघ, आर.डी. मीना, सीटीपीएम, अभिषेक मिश्रा (मप्रप्रु) राहुल तिवारी, अजय मार्को, अशरफ अली, डॉ विशाल बन्ने, आरिफ अली, डॉ प्रशांत मिश्रा, विजय चौधरी, तरनजीत कौर, निधी चन्द्रा, पुष्पा द्विवेदी, हसन अली, असलम अली, रीषी तिवारी, रेल कर्मचारियों एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाईयाँ व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई है।



## रंग संसार

# अमिताभ बच्चन ने जलसा के बाहर फैंस से की मुलाकात, वीडियो देख फैंस लुटा रहे प्यार

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के मेगास्टार कह लो या फिर शहंशाह दोनों की नाम से मशहूर अमिताभ बच्चन ने अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। 80 साल के अमिताभ बच्चन फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल से भी ज्यादा समय से एक्टिव हैं और उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। इस उम्र में भी वो लगातार काम कर रहे है और अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रहे हैं। फैंस के बीच उनको लेकर दीवानगी का आलम ये की वो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। कुछ ऐसा ही हाल ही में आज रविवार को भी हुआ है जिसका एक विडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



## डॉन के गाने पर बिग बी ने किया डांस

इस वीडियो में अमिताभ के घर के बाहर फैंस की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ये सभी एक्टर की एक झलक पाने का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान बिग बी अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए अपने घर जलसा से बाहर भी आए और उनको नमस्ते करते हुए उनका अभिवादन किया। उन्होंने अपने प्रशंसकों से हाथ मिलाया और अपनी फिल्म डॉन के गाने अरे दीवानों मुझे पहचानो पर थिरकते हुए भी नजर आए। जिसके बाद फैंस उन पर फूलों की बारिश भी करते हुए नजर आते हैं। इस दौरान बिग बी के चेहरे पर फैंस से मिलने की खुशी भी साफतौर पर झलक रही है। तो वहीं इस उम्र में भी बिग बी के अंदर ऐसा जोश देख लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

## कूल लुक में जीता फैंस का दिल

सामने आए विडियो में उनकी जैकेट ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। वो इस लुक में काफी कूल नजर आए। बता दें कि अमिताभ बच्चन को करोड़ों की संख्या में लोग फॉलो करते हैं। हर रविवार को उनके घर जलसा के बाहर ऐसे ही लोगों की भीड़ उनसे मिलने के लिए आती है। बिग बी हमेशा इसी तरह अपने फैंस से मुलाकात करते हुए नजर आते हैं।

## अमिताभ बच्चन की अपकमिंग फिल्में

बिग बी के वर्कफ्रंट की बात करे तो, वो नाग अश्विन की अपकमिंग फिल्म प्रोजेक्ट के में दिखाई देंगे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और प्रभास भी लीड रोल में हैं। इसके अलावा अमिताभ के पास सेक्शन 84 भी है। रिभु दासगुप्ता की इस फिल्म में डायना पेंटी, निम्रत कौर और अभिषेक बनर्जी भी हैं। इसके अलावा, अमिताभ टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की एक्शन फिल्म गणपथ में अहम भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म इसी साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# रिया चक्रवर्ती का दुश्मन बना दोस्त! क्या टीम में होने वाला है नया बवाल

**मुंबई, एजेंसी।** सोनू सूद का स्टंट बेस्ड शो एमटीवी रोडीज 19 – कर्म या कांड में टास्क के दौरान रिया चक्रवर्ती और गौतम गुलाटी की कई बार कहासुनी हो चुकी है। तो कभी शो में प्रिंस नरूला के साथ बहस हो जाती है। सोनू सूद के शो में आए दिन गैंग लीडर्स और रोडीज के बीच तकरार होना तो अब आम सी बात हो चुकी है। एमटीवी रोडीज 19 के नए एपिसोड में आपको बहुत कुछ नया और मजेदार देखने को मिलने वाला है। इस शो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा कर रखा हुआ है।

## एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड

एमटीवी रोडीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड का एक फोटो शेयर किया है। इस तस्वीर को देखकर आपके होश उड़ने वाले हैं। जी हां, इस फोटो में आप रिया चक्रवर्ती को शो के इस गैंग लीडर के साथ देख हैरान हो जाएंगे, क्योंकि इस पहले रिया को कभी भी गौतम गुलाटी और प्रिंस नरूला के साथ मस्ती करते हुए नहीं देखा गया है। जब से ये शो शुरू हुआ तब से अब तक रिया चक्रवर्ती की बस गैंग लीडर्स से लड़ाई हुई है।



## रिया चक्रवर्ती का दुश्मन बना दोस्त

शो में रिया चक्रवर्ती की गौतम गुलाटी और प्रिंस नरूला से हर बात पर बहस होती रहती है, लेकिन इस बार इस शो में नया मोड देखने को मिल रहा है। रिया चक्रवर्ती और गौतम गुलाटी एक दूसरे के साथ पोज देते दिखाई दे रहे हैं। फोटो में दोनों का स्वैग आप भी कहेंगे की ये क्या बवाल है! इस फोटो का कैप्शन, जब आपका बेस्टी आपको अकेले तस्वीरें क्लिक नहीं करने दे!

## एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड के बारे में

इस शो में इस बार गैंग लीडर्स प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवर्ती हैं। एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड के शो होस्ट सोनू सूद हैं।

# क्या एलविश यादव की हो चुकी है शादी? फिनाले से पहले किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 का फिनाले एपिसोड कल 14 अगस्त को होने वाला है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार इस शो का विनर कौन बनने वाला है इसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इस सीजन में 5 फाइनलिस्ट रेस में है, जिनमें अभिषेक मल्हान, एल्विश यादव, मनीषा रानी, पूजा भट्ट और बेबिका धुर्वे का नाम शामिल हैं। वहीं अभिषेक मल्हान और एल्विश यादव के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। कुछ लोगों का मानना है कि एलविश यादव बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर बन सकते हैं। इसी बीच फिनाले से पहले सबके चहेते एल्विश यादव ने कुछ ऐसा खुलासा कर दिया है जिसे सुनकर आपक सब के होश उड़ने वाले हैं। दरअसल, हाल ही में बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के शनिवार के लाइव में एलविश किचन में मनीषा रानी से बातचीत करते हुए नजर आते हैं। इसी दौरान एलविश मनीषा से कहते है कि उन्होंने दुनिया से एक बात छिपाई है जिसे वो अब सबको बताना चाहते हैं। इस पर मनीषा उनसे पूछती हैं कि क्या बात है? इस पर एल्विश यादव कहते हैं कि मेरी शादी हो गई है। मनीषा रानी इस पर शॉकिंग रिएक्शन देते हुए पूछती है क्या? जिसके बाद एल्विश यादव ये कहते है कि मजाक से हटके मैं सच कह रहा हूं कि मेरी शादी हो गई है और मेरा एक बच्चा भी है। हालांकि, बाद में मनीषा ये समझकर इस बात को इग्नोर कर देती है कि एलविश मजाक कर रहे हैं। हालांकि, इससे पहले बिग बॉस ओटीटी लाइव फीड में एल्विश यादव को अभिषेक मल्हान के साथ अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात करते हुए भी सुना गया था। ऐसे में अब ये कहना मुश्किल है कि उनकी गर्लफ्रेंड है या उनकी वाइफ है। फिलहाल, उनके किसी भी तरह के रिलेशनशिप की खबरों की इंडिया टीवी पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि, एलविश यादव इन दिनो हर तरफ छाए हुए है। बिग बॉस ओटीटी के घर में एलविश यादव का ही जलवा चल रहा है। उनकी सच्चाई और ईमानदारी बाकी कंटेस्टेंट को भी इंप्रेस कर रही है। ऐसे में एलविश अगर विनर बनते हैं तो वह इतिहास रच देंगे क्योंकि अभी तक के किसी भी सीजन में वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट ने यह खिताब हासिल नहीं किया है।



» न्यूज गैलरी

## घर के अंदर चल रहा था जुआ

### पुलिस ने रेड मारकर पांच जुआरियों को किया गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत बेबी तिवारी के घर में जुआफड़ संचालित हो रहा था। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और पांच जुआरियों को दबोचा है। एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि गोल्डन सिटी के बेबी तिवारी के घर में कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश दी। इस दौरान रवि कुमार सूर्यवंशी, महेन्द्र कुमार प्रजापति, सुनील कुमार, अनहार मुसलमान व ओमप्रकाश सोनी जुआ खेल रहे थे। जुआरियों के पास से 1460 रुपए नगद जप्त किए गए हैं। सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## सेंटपॉल के दो छात्र निष्कासित

**कटनी, यशभारत।** सेंटपॉल स्कूल से दो विद्यार्थियों को निष्कासित किए जाने पर विद्यार्थी व अभिभावकों ने रविवार को प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से शिकायत की है। कैरिन लाइन निवासी अभिभावक लकी रोहरा ने बताया कि उनका बेटा मनन रोहरा सेंटपॉल स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ता है। कुछ दिनों पहले वह स्कूल के कुछ छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल जाने की बजाय वसुधा फॉल घूमने चला गया था। इस पर स्कूल प्रबंधन ने निष्कासित कर दिया है। इसी प्रकार मुकेश खटवानी ने बताया कि उनकी बेटी मोनिष्का खटवानी कक्षा 11वीं में पढ़ रही है। वह भी दोस्तों के साथ वसुधा फॉल गई थी तो उसे भी निष्कासित कर दिया गया है। शेष बच्चों पर कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में स्कूल की प्राचार्य जेन सिल्वेस्टर का कहना है कि अभिभावकों के आरोप निराधार हैं।

# 4 बच्चों की जलसमाधि से शोक में डूबा गांव

## स्लीमनाबाद के ग्राम नैगवां में मातम, तालाब में डूबने से हुई है बच्चों की मौत







**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम छपरा नैगवां में तालाब में डूबने से हुई चार बच्चों की मौत के बाद से ही मातम व सन्नाटा पसरा हुआ है। शवपरीक्षण के बाद शव गांव पहुंचे तो गांव में चारों ओर चीख चीत्कार मच गई। अत्यंत गमगीन व शोकपूर्ण माहौल में चारों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में शामिल ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से बच्चों को अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि रविवार को तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई थी। बच्चे सुबह घर से खेलने निकले थे। देरशाम बच्चों के शव तालाब से निकाले गए। बच्चों की मौत से परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। गांव में मातम व सन्नाटा पसरा हुआ है। उपनिरीक्षक नेहा मौर्य ने बताया कि नैगवा के छपरा हार के तालाब में यह हादसा हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम नैगवां के 11 व 12 साल के चार बच्चे रविवार की सुबह घर से सायकलों से खेलने के लिए निकले। जिसमें 12 वर्षीय शशि प्रताप पिता गजराज सिंह गौड़, 12 वर्षीय मयंक सिंह पिता काशीराम यादव, 12 वर्षीय शौर्य सिंह पिता अवधेश सिंह गौड़ व 11 वर्षीय धर्मवीर पिता रामकुमार वंशकार शामिल थे। बताया जाता है कि रविवार की सुबह सायकलों से खेलने के लिए निकले बच्चे जब शाम तक घर नहीं लौटे तो चिंतित परिजनों ने उनकी खोजखबर लेना शुरू किया और उनकी तलाश में गांव में निकल पड़े। इसी दौरान छपरा हार तालाब के पास सायकल, कपड़े व चप्पल रखे दिखे। तालाब में डूबने की आशंका से ग्रामीणों ने पानी में तलाश शुरू की तो एक के बाद एक चारों बच्चों के शव मिले। शव देख परिजनों व ग्रामीण स्तब्ध रह गए। जंगल में आग की तरह यह खबर गांव में फैली तो पूरे गांव में मातम छा गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद चारों बच्चों के शव को पीएम के लिए स्लीमनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। जहां आज सुबह पीएम के बाद चारों शव परिजनों को सौंप दिए गए। बताया जाता है कि शवपरीक्षण के बाद परिजन जैसे ही बच्चों के शव लेकर गांव पहुंचे वैसे ही गांव में चीख चीत्कार मच गई। करूण रूदन के बीच अंतिम संस्कार के बीच की तैयारी की गई और फिर गांव के श्मशान घाट में चारों बच्चों का एक साथ अत्यंत गमगीन व शोकपूर्ण माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।



### एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में डूबे बच्चे

एक जानकारी में बताया जाता है कि बच्चे खेलने के लिए घर से निकले थे और वो तालाब नहाने पहुंच गए। तैरते बनता नहीं था, इसलिए किनारे नहाते रहे लेकिन इसी बीच एक बच्चा गहरे पानी में जाकर डूबने लगा तो उसको बचाने के चक्कर में एक-एक करके चारों बच्चे तालाब के गहरे पानी में डूब गए।

## अखिलेश गौर ने सम्हाला स्लीमनाबाद एसडीओपी का कार्यभार



**कटनी, यशभारत।** जबलपुर में सीएसपी के पद पर पदस्थ रहे पुलिस अधिकारी अखिलेश गौर ने आज कटनी जिले के स्लीमनाबाद पुलिस अनुविभाग में एसडीओपी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे उन लोकप्रिय अधिकारियों में शामिल हैं जिन्होंने अपनी पदस्थापना के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई और विभाग के सहकर्मियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर अपराधों को नियंत्रण करने का प्रयास किया। जबलपुर में पदस्थ रहने के दौरान उन्होंने कोरोना के समय अपनी एक माह की सैलरी सरकार को देने का स्तुत्य कार्य भी किया था। स्लीमनाबाद में पदस्थापना के बाद यशभारत से बातचीत में उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निराकरण के साथ ही अपराधों और अपराधियों में लगाम उनकी प्राथमिकता होगी। आगामी समय में विधानसभा चुनाव होने हैं ऐसे में उनकी कोशिश होगी कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था के साथ चुनाव निष्पक्ष सम्पन्न हों। श्री गौर ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के लिए विशेष योजना तैयार की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में चिन्हित अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सावन के छठवें सोमवार पर शिवालयों में सुबह से लगी भक्तों की कतार

**कटनी, यशभारत।** इस बार का सावन अधिमास के कारण पूरे दो माह तक श्रद्धा आस्था भगवान शिव की आराधना के लिए शिवभक्तों के लिए खास है। आज सावन माह के छठवें सोमवार पर आजादी के पर्व के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना का क्रम पूरे दिन चलता रहा गौरतलब है कि कल 15 अगस्त को धूमधाम से आजादी का पर्व मनाया जाएगा। सुबह से ही हाथों में जल का लोटा व पूजन की थाली, मन में हिलोर मारती आस्था, शिवालयों की ओर श्रद्धालुओं के बढ़ते कदम, यह नजारा था । सावन सोमवार की भोर से शहर के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शहर के प्राचीन शिव मंदिर मधई मंदिर में अल सुबह से आस्था का सैलाब उमड़ा। कटाए घाट मोड़ पर स्थित हनुमान मंदिर में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की गई। सावन सोमवार पर चण्डिका मंदिर कुठला नदी के तट पर भी विशेष आयोजन हुए। छपरवाह हनुमान मंदिर में भगवान शिव की अराधना का क्रम पूरे दिन चला। कई स्थानों पर पार्थिव शिवलिंग बनाते हुए अभिषेक पूजन किया। इसके बाद धूमधाम से शिवलिंग का विसर्जन किया गया। इसके अलावा माधवनगर स्थित भोलेशंकर मंदिर, शहर के प्राचीन मधई मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, विश्राम बाबा मंदिर, कटायेघाट हनुमान मंदिर, शिव मंदिर अस्पताल रोड, माई नदी शिव मंदिर, शीतला माता मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, वेंकट वार्ड स्थित हवलदारिन के बाड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, खिरहनी मंदिर आदि में भी पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे।

## सर्पदंश से युवती की मौत

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना क्षेत्र के ग्राम डीघी में सांप डसने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम डीघी निवासी 35 वर्षीय शांति बाई पति रमेश प्रसाद यादव को सांप ने डस लिया था। जिस पर उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान शांति ने दमतोड़ दिया। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट व तोड़फोड़ पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान में मारपीट कर तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी कुदवारी मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय प्रमोद सिंह की शिकायत पर पिक्कू गोटिया व नीतू गोटिया के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज किया गया है।








































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)